तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि


रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

10 चौथी वेतन संशोधन समिति के गठन में विलंब...



11 दुर्गा अष्टमी पर गांव-गांव में हवन करने जुटे...





सपना ही रह गया शिवनाथ नदी तट पर बनने वाला लक्ष्मण झूला, आईआईटी दिल्ली से सिंचाई विभाग ने कराया था ड्राइंग-डिजाइन का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शिवनाथ नदी के गुरुद्वारा की तरफ पुराने पुल पर लक्ष्मण झूले का प्रस्ताव दुर्ग शहर के लिए सिर्फ सपना रह गया।प्रस्तावित कार्ययोजना को लेकर वर्तमान शहर सरकार ने थोड़ा भी ध्यान नहीं दिया, जबकि 4 साल पहले इस प्रोजेक्ट पर बहुत तेजी से कार्य किया जा रहा था। करीब 30 करोड़ की लागत से इस सस्पेंशन ब्रिज को तैयार किया जाना था। जल संसाधन विभाग ने वित्तीय स्वीकृति के लिए राज्य शासन को 30 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा था।

खास खबर

प्रारंभिक स्वीकृति के आधार पर ड्राइंग-डिजाइन तैयार किया गया। स्वीकृति मिलते ही इसकी निर्माण एजेंसी तय करने की प्रक्रिया शुरू भी हुई, लेकिन इसके बाद पूरे प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। बता दें कि पाटन के टोला घाट में ऐसा ही सस्पेंशन ब्रिज तैयार किया गया है, उसकी तर्ज पर ही इसे भी बनाया जाना था। जल संसाधन विभाग ने दावा किया था कि झूला राजिम और अमलेश्वर महादेव घाट की तरह होगा। ब्रिज का ड्राइंग और डिजाइन तैयार किया गया। ड्राइंग डिजाइन का परीक्षण आईआईटी दिल्ली से कराया गया। इसके बाद भी काम शुरू नहीं हो सका।

पिछली दो शहर सरकार ने दिखाई थी सक्रियता, वर्तमान शहर सरकार ने नहीं ली रूचि

महादेव घाट से दोगुना आकार का प्रस्तावित था सस्पेंशन ब्रिज

दावा किया गया था दुर्ग के शिवनाथ नदी में बन रहा यह ब्रिज महादेव घाट अमलेश्वर में बने लक्ष्मण झूला से दोगुना लंबा होगा। इसकी लंबाई 300 मीटर होगी और चौड़ाई तीन मीटर होगी। जबकि महादेव घाट का ब्रिज मात्र 150 मीटर ही लंबा है। इसे रंगीन लाइटिंग के साथ बेहद आकर्षक बनाया जाएगा। इसके अलावा महमरा घाट के छोर पर स्थित 4 एकड़ शासकीय भूमि में आकर्षक गार्डन बनाने की भी कार्ययोजना बनी थी। गार्डन के पास कैफेटेरिया और फाउंटेन भी लगाया जाना तय था।



■ 300 मीटर लंबाई में कैफेटेरिया, फाउंटेन और कलर फुल लाइटिंग की थी प्लानिंग

पूर्व के दो महापौर ने दिखाई थी गंभीरता

बता दें इस प्रोजेक्ट को लेकर दो महापौर चंद्रिका चंद्राकर और धीरज बाकलीवाल ने काफी गंभीरता से लिया था। दोनों ने अपने बजट में इसे शामिल भी किया, लेकिन बाद में इस प्रोजेक्ट को भुला दिया गया। इस प्रोजेक्ट को लेकर दो बार जगह भी बदली गई। एक बार महमरा एनीकट के पास इसे बनाने की कार्ययोजना बनी। इसके बाद पुराने पुल के पास भी लक्ष्मण झूले को तैयार करने का निर्णय लिया गया, ताकि शहरवासियों को सैर सपाटे के लिए एक जगह मिल सके, लेकिन यह प्लान बाद में पूरा हीं नहीं हो सका।

नवरात्रि विशेष



नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है।

सरकारी योजना का झांसा देकर जेवरात किया पार

भिलाई। सरकारी योजना के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि राजपुर निवासी कुमारी यादव मजदूरी करती हैं। 16 अक्टूबर की दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात महिला उनके घर पहुंची। खुद को महिला धमधा निवासी बताकर झांसा दिया कि वे किसी सरकारी योजना का फॉर्म भरा है। नहीं भरने के जवाब के बाद अज्ञात ने कुमारी यादव को फार्म भरने के बाद 3 लाख 70 हजार रुपए मिलने वाले हैं। दुर्ग कोर्ट के बाथरूम में पीड़िता के दोनों हाथों के चांदी के आभूषण उतरवा लिए और उसके पास रखे एक हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गई। कुमारी यादव राजपुर ने पोस्ट ऑफिस से महतारी वंदन योजना की राशि निकालकर आईं। इसके बाद वह अज्ञात महिला के साथ बस में बैठकर दुर्ग पहुंच गई। चांदी के आभूषणों की कीमत करीब 20 हजार रुपए आंकी गई है।

जिले के 88 किसानों के मुआवजा प्रकरण तैयार करने की कवायद

रिपोर्ट : सितंबर के अंतिम हफ्ते हुई बारिश से 180.95 हेक्टेयर सब्जियों की फसल हुई बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में हुई अतिवृष्टि की वजह से सब्जी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा। जिले में 24 एवं 25 सितंबर 2026 को हुई भारी बारिश का उद्यानिकी विभाग द्वारा तहसील स्तर पर कराए गए सर्वे के अनुसार दुर्ग जिले में कुल 180.95 हेक्टेयर क्षेत्रफल की फसल प्रभावित हुई है। इस नुकसान से जिले के 82 किसान प्रभावित हुए हैं। इनमें अधिकांश किसान अबीमित श्रेणी के हैं। इन किसानों का मुआवजा प्रकरण तैयार किए गए हैं। राज्य को आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा मिलेगा।

अलग खबर

राज्य को आरबीसी 6-4 के अंतर्गत किसानों को मिलेगा मुआवजा



अबीमित रकबा 171.192 हेक्टेयर

जिला स्तर पर तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार कुल 180.952 हेक्टेयर फसल क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें केवल 9.76 हेक्टेयर क्षेत्र बीमित तथा 171.192 हेक्टेयर क्षेत्र अवीमित है। इसी प्रकार प्रभावित किसानों की संख्या में भी अवीमित किसानों का हिस्सा अधिक है। कुल 82 किसानों में से केवल 4 किसान बीमित हैं, जबकि 78 किसान अवीमित श्रेणी में आते हैं।कृषि एवं उद्यानिकी विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार हुई बारिश और खेतों में जलभराव की स्थिति के कारण सब्जी, फल एवं अन्य उद्यानिकी फसलों की जड़ों को नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर पौधों में सड़न, पत्तियों का झुलसना तथा उत्पादन क्षमता में कमी जैसी समस्याएं देखी गई हैं।

प्रभावित क्षेत्र एवं किसान

विकासखंड	प्रभावित रकबा (हेक्टेयर)	प्रभावित किसान
दुर्ग	20.01	36
धमधा	30.07	10
पाटन	30.87	36
कुल	180.95	82

सबसे ज्यादा नुकसान दुर्ग ब्लॉक में

जारी सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक नुकसान दुर्ग विकासखंड में दर्ज किया गया है। यहां कुल 120.01 हेक्टेयर क्षेत्र में उद्यानिकी फसलें प्रभावित हुई हैं। इस क्षेत्र में 36 अवीमित किसान प्रभावित पाए गए हैं। दुर्ग विकासखंड में बीमित किसानों की संख्या शून्य है, जिससे नुकसान का पूरा भार किसानों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। धमधा विकासखंड में कुल 30.07 हेक्टेयर क्षेत्र की फसल प्रभावित हुई है। यहां नुकसान का दायरा अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद बीमित और अवीमित दोनों श्रेणी के किसानों को क्षति हुई है। धमधा में 9.76 हेक्टेयर क्षेत्र बीमित तथा 20.31 हेक्टेयर क्षेत्र अवीमित श्रेणी में प्रभावित पाया गया है। इस क्षेत्र में 4 बीमित और 6 अवीमित किसानों सहित कुल 10 किसान प्रभावित हुए हैं। पाटन विकासखंड में 30.87 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों को नुकसान पहुंचा है। पाटन में प्रभावित संपूर्ण क्षेत्र अवीमित श्रेणी का है। इस क्षेत्र में 36 किसान प्रभावित हुए हैं। पाटन में भी बीमित किसानों की संख्या शून्य दर्ज की गई है।

मुआवजा प्रकरण तैयार

अतिवृष्टि से प्रभावित उद्यानिकी फसलों का सर्वे रिपोर्ट ब्लॉकों में भेजी गई है। तहसीलदार मुआवजा प्रकरण तैयार कर रहे हैं। यहां से राज्य को मुआवजा प्रकरण स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। उसके बाद स्वीकृत राशि प्रभावित किसानों को मिलेगी।

-नारायण सिंह राउत्रे,
उपसंचालक उद्यानिकी दुर्ग जिला

त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस ने बढ़ाई गश्त



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

361 जवानों की तैनाती

नवरात्रि पर्व पर गरबा कार्यक्रमों, चुनरी यात्राओं और दुर्गा पंडालों में भक्तजनों की भीड़ को देखते हुए दुर्ग पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। गरबा कार्यक्रम के दौरान हिंदू संगठन द्वारा हुए विवाद के बाद पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। दुर्ग के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक संभालने के लिए कुल 361 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। पुलिसकर्मी दिन और रात अलग-अलग शिफ्ट में तैनात रहेंगे। प्रमुख आयोजन स्थलों और संवेदनशील इलाकों में फिक्स पॉइंट बनाने के साथ पेट्रोलिंग और गश्त भी की जा रही है। गरबा स्थलों पर महिला शक्ति टीम निगरानी करेगी। छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या किसी भी संदग्धि गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।गरबा और अन्य सार्वजनिक आयोजनों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला शक्ति टीम को सक्रिय किया गया है। आयोजन स्थलों पर पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नवरात्रि के दौरान असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाया गया है। अड्डेबाजी की आशंका वाले स्थानों और संवेदनशील इलाकों में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। गुंडा-बदमाशों और धारदार हथियार लेकर घूमने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

फॉरेक्स ट्रेडिंग इंस्टीट्यूट में निवेश एवं मुनाफे का प्रलोभन देकर 18.63 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

फॉरेक्स ट्रेडिंग इंस्टीट्यूट के संचालन एवं मुनाफे का प्रलोभन देकर कथित रूप से 18,63,675 की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मदर टेरेसा नगर निवासी आरोपी मीनल जैन को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अक्षय राठौर ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका कृषि व्यवसाय है तथा एक परिचित के माध्यम से उसकी पहचान मीनल चौहान से हुई थी। मीनल चौहान द्वारा रायपुर स्थित करेंसी टावर, वीआईपी चौक में फाइन विजन एवं फाइन विजन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के नाम से फॉरेक्स एवं ट्रेडिंग प्रशिक्षण संस्थान प्रारंभ करने तथा उसमें निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने की बात कही गई थी। आरोपी के कहने पर दिसंबर 2025 से जून 2026 के मध्य संस्थान के संचालन, स्टाफ के वेतन, कार्यालय किराया, मेंटेनेंस, विज्ञापन, सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक खर्चों के लिए

■ सुपेला पुलिस ने आरोपी मीनल चौहान को गिरफ्तार कर भेजा जेल



अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से कुल 21,96,675 की राशि उपलब्ध कराई गई। इसमें से लगभग 3,33,000 वापस किए गए तथा शेष 18,63,675 बकाया होने की शिकायत की गई। संस्थान के संचालन एवं ट्रेडिंग से मुनाफा दिलाने का प्रलोभन देकर उससे राशि प्राप्त की गई। शिकायत के आधार पर थाना सुपेला में धारा 318(4), 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सुपेला पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी मीनल चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने फॉरेक्स एवं ट्रेडिंग प्रशिक्षण संस्थान के संचालन तथा निवेश पर अच्छा मुनाफा मिलने का प्रलोभन देकर संस्थान के किराए, कर्मचारियों के वेतन, विज्ञापन, प्रचार-प्रसार एवं अन्य खर्चों के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से राशि प्राप्त की गई।

मंदिर के पास बेच रहे थे शराब, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जामुल और पुलगांव पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इसमें जामुल थाना अंतर्गत नारधा में बरगद के पेड़ के नीचे आरोपी दुरेश उर्फ प्रकाश साहू उम्र 40 वर्ष निवासी बाजार चौक नारधा शराब बेच रहा था। इसी प्रकार रसमड़ा में मंदिर के पास शराब बेचते पुलिस ने आकाश शिव निर्मलकर उम्र 22 वर्ष निवासी रसमड़ा को गिरफ्तार किया। दोनों मामलों में कुल 63 पौवा देशी शराब, अनुमानित कीमत 5,900 तथा शराब बिक्री की नगदी रकम 300 रुपए की जब्ती की गई। पुलिस ने बताया कि नारधा निवासी दुरेश मुरमुंदा मार्ग पर बरगद के पेड़ के नीचे अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री कर रहा था। आरोपी आकाश शिव निर्मलकर रसमड़ा में मंदिर के पास शराब बेच रहा था।

रेलवे ट्रैक पर गुजरने वाला इंजन नजर आया ट्रक की सवारी करते हुए : देखने के लिए रुक गए लोग, वीडियो भी बनाया



भिलाई। तस्वीर है डबरापारा के पास नेशनल हाईवे की, जहां लोगों ने रेलवे ट्रैक पर दौड़ने वाले इंजन को ट्रक की सवारी करते देखा, या यह कहिए कि भारी भरकम इंजन ट्रक के जरिए एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाया जा रहा था। आमतौर पर रेलवे ट्रैक पर दौड़ने वाले इन इंजनों को सड़क पर देखकर राहगीर और स्थानीय लोग हैरान रह गए। कई लोग इंजन को देखने के लिए रुक गए और मोबाइल फोन से तस्वीरें और वीडियो बनाने लगे। जानकारी के मुताबिक इंजन का वजन करीब 120 टन था, जिसे एक विशेष प्रकार के ट्रक सीजी 22 जे 6101 में अन्यत्र ले जाया जा रहा था। इंजनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए 6 से ज्यादा लोगों का काफिला साथ चल रहा था। रास्ते में ट्रैफिक प्रबंधन के साथ बिजली के तारों, ऊंचाई और अन्य तकनीकी दिक्कतों पर नजर रख रही थी। भारी मशीनरी को सुरक्षित निकालने के लिए कई जगहों पर रास्ते और आसपास की परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी बरती जा रही थी। 20 चक्का गाड़ी में इसे ले जाया जा रहा था। (फोटो : संजय पांडेय)

नवजात शिशु का हड्डी फैक्चर होने पर परिजनों ने लगाया था लापरवाही का आरोप

प्रसव के दौरान शिशु को हुआ बर्थ एस्फिक्सिया, जांच रिपोर्ट गोलमोल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रसव के दौरान नवजात शिशु को गंभीर परेशानी होने और उसे एनआईसीयू में भर्ती कराए जाने के मामले में गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच में प्रसूता के प्रसव के दौरान शोल्डर डिस्टोसिया की स्थिति सामने आई, जिसके कारण बच्चे को बाहर निकालने में काफी कठिनाई हुई बताया गया है। समिति ने चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ के बयान तथा उपलब्ध चिकित्सा अभिलेखों के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि प्रसव के दौरान स्टाफ ने बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए प्रयास किए। नवजात को बर्थ एस्फिक्सिया की स्थिति होने के कारण आगे उपचार की जरूरत पड़ी। जबकि परिजनों ने मौजूदा स्टॉफ की लापरवाही के चलते नवजात के हड्डी में फैक्चर आने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में स्टाफ को मरीज के साथ कठिन परिस्थिति में भी उचित और सहयोगपूर्ण व्यवहार करने की सलाह का उल्लेख है इसलिए यह रिपोर्ट ही गोल मोल सा हो गया है।

खास बातें

- महिला के प्रसव के दौरान नवजात शिशु को खींचकर बाहर निकलने का मामला
- परिजनों ने नवजात का हड्डी फैक्चर होने पर लगाया था स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप
- दो डॉक्टरों की टीम ने जांच रिपोर्ट सीएस को सौंपी



यह था पूरा मामला

जांच प्रतिवेदन के अनुसार, 2 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि करीब 12.05 बजे 26 वर्षीय प्रसूता भुवनेश्वरी तारक को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय के प्रसूति विभाग में भर्ती कराया गया था। महिला की सोनोग्राफी रिपोर्ट 12 सितंबर 2026 की थी, जिसमें बच्चे का वजन लगभग तीन किलोग्राम बताया गया था। ड्यूटी डॉक्टर ने प्रसूता की जांच के बाद उन्हें भर्ती किया और सामान्य प्रसव की तैयारी की गई। स्टाफ को ट्रायल ऑफ नॉर्मल लेबर के लिए निर्देश दिए गए थे।

प्रसव के दौरान आई जटिलता

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रसूता का लेबर सामान्य था, लेकिन बच्चे का सिर बाहर आने के बाद शोल्डर डिस्टोसिया की स्थिति बन गई। इसमें बच्चे का सिर बाहर आ जाता है, लेकिन कंधा फंसने के कारण शेष शरीर को बाहर निकालना कठिन हो जाता है। ऐसी स्थिति में चिकित्सकीय टीम को विशेष सावधानी और तत्काल सहायता की जरूरत होती है। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि डॉक्टर और स्टाफ ने कठिनाई के बीच बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास किया। बच्चे को सांस लेने में काफी दिक्कत थी और वह सुस्त था। चिकित्सकों ने परिजनों को बच्चे की गंभीर स्थिति और उसे बेहतर उपचार के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने की आवश्यकता के बारे में समझाया। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख है कि परिजनों को बच्चे की स्थिति की जानकारी दी गई थी। इसके बाद परिवार की सहमति से बच्चे को ऑक्सीजन और आईवी फ्लूड के साथ आगे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाने की प्रक्रिया की गई।



खबर संक्षेप

सड़क पर बने अवैध टीन शेड को निगम ने हटाया

भिलाई। भिलाई निगम अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक-3 मॉडल टाउन में सड़क पर अवैध रूप से निर्मित टीन शेड को निगम की टीम द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में शहर की सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवागमन के मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। मॉडल टाउन क्षेत्र में सड़क पर टीन शेड का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध टीन शेड को हटाने की कार्रवाई की। सड़क एवं सार्वजनिक मार्गों पर इस प्रकार के अवैध निर्माण से नागरिकों को आवागमन में असुविधा होती है। साथ ही यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा सार्वजनिक उपयोग की भूमि एवं सड़कों पर किए जा रहे अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

धनोरा बाबा दरबार में महाअष्टमी पर गूंजे जयकारे

अंडा। पावन धाम धनोरा (दुर्ग) में महाअष्टमी के अवसर पर सोमवार 19 अक्टूबर को शाम 4 बजे से भव्य हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हवन के पश्चात रात्रि 9 बजे से गुढ़ियारी, रायपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका तृषा साहू की मंडली द्वारा माता रानी का भव्य जगराता व भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि दरबार में इस वर्ष भक्तों द्वारा 191 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किए गए हैं। इस आयोजन में देश-विदेश (इंग्लैंड, अमेरिका) सहित देश के विभिन्न राज्यों और जिलों से पहुंचे भक्त अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रतिदिन रात्रि में भजन गायक गुलाब साहू एवं हेमंत साहू द्वारा माता की सेवा में भजन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 को, जोड़े जा रहे नए वोटर्स के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। भिलाई, रिसाली और भिलाई चरोदा निगम की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 अक्टूबर को होना है। इसलिए जिला निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को दुरूस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रहा है। जिला निवार्चन यह विशेष अभियान भारत निवार्चन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त नर्दिश पर चलाएगा। जिसमें 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में मतदाता सूची को अद्यतन करने तथा मतदाता सूची में पंजीयन से छूटे नागरिकों एवं पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं का पंजीयन सुनश्चिति करने के लिए यह विशेष अभियान रहेगा।

महापौर सहित 400 पार्षद पदों पर चुनाव

राज्य निवार्चन आयोग के मुताबिक नगरपालिका आम निवार्चन के लिए 417 पदों पर नर्विाचक नामावली पुनरीक्षण किया जाएगा। इनमें भिलाई, भिलाई चरौदा, रिसाली और बीरगांव नगर निगम के 4 महापौर पदए 13 अध्यक्ष पद और 400 पार्षद पद शामिल हैं। इसके अलावा नगरपालिका उप निवार्चन के लिए 1 अध्यक्ष और 6 पार्षद पदों की निवार्चक नामावली भी तैयार की जाएगी।

1 अक्टूबर की स्थिति में होगी मतदाता सूची तैयार, बीएलओ को दिया जा रहा प्रशिक्षण



बीएलओ को मिला प्रशिक्षण, बताया कि कोई भी पात्र न छूटे, यह मकसद

नगर पालिक निगम भिलाई में आगामी स्थानीय निर्वाचन एवं सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सुपरवाइजर, प्राधिकृत अधिकारी एवं बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के लिए साइंस कालेज दुर्ग में दोपहर प्रथम पाली 12 बजे एवं द्वितीय पाली 2:30 बजे से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम की उपस्थिति में निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं, कार्यों एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान सुपरवाइजर एवं बीएलओ को मतदाता सूची से जुड़े कार्यों, मतदाताओं के विवरण के सत्यापन, नए मतदाताओं के पंजीयन तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही निर्वाचन से संबंधित कार्यों में सतर्कता, जिम्मेदारी एवं आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

सेफी ने सभी केंद्रीय मंत्रियों से की जल्द प्रक्रिया शुरू करने की मांग

चौथी वेतन संशोधन समिति के गठन में विलंब का खामियाजा भुगत रहे उपक्रमों के हजारों अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वेतन वृद्धि के लिए गठित होने वाली चौथे वेतन संशोधन समिति की प्रक्रिया में विलंब को देखते हुए अब सेफी और नेशनल कांफिडरेशन ने केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। देश में सभी उद्यमों के योगदान का हवाला देते हुए इसमें लेटलतीफी से कार्मिकों को होने वाले नुकसान से बचने जल्द प्रक्रिया शुरु करने की मांग की गई है।

सेफी चेयरमेन और नेशनल कांफिडरेशन आफ आफिसर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) के अधिकारियों के लिए वेतन संशोधन समिति (पीआरसी) के शीघ्र गठन को सभी के हित में बताया है।

केंद्रीय वेतन आयोग का गठन 25 नवंबर 2025 को किया जा चुका है और इसके जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के आसार हैं। केन्द्रीय सरकारी लोक उद्यमों के लिए चतुर्थ वेतन संशोधन 1 जनवरी 2027 से प्रभावी होना है। श्री बंछोर ने बताया कि चौथी वेतन संशोधन समिति के गठन की प्रक्रिया अग्रिम रूप से प्रारंभ की जाए, जिससे विचार-विमर्श, हितधारकों से परामर्श तथा समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो सके। तृतीय वेतन संशोधन समिति का गठन 9 जून 2016 को किया गया था तथा केंद्र सरकार के अनुमोदन के बाद सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा 3 अगस्त 2017 को वेतन संशोधन आदेश जारी किए गए, जो 1 जनवरी 2017 से प्रभावी हुए।

दूसरी और तीसरी कमेटी के गठन में विलंब से भी हुआ था आर्थिक नुकसान



घरेलू व वैश्विक निजी क्षेत्र की कंपनियों से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा

वर्तमान में सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारी प्रतिस्पर्धा व गतिशील वातावरण में कार्य कर रहे हैं, जहाँ उन्हें घरेलू एवं वैश्विक निजी क्षेत्र की कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। ये उद्यम राष्ट्र निर्माण, अधोसंरचना विकास, ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल विस्तार तथा अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सेफी ने सभी केन्द्रीय मंत्रियों से मांग की है कि वेतन एवं भत्तों का समय पर संशोधन एक रणनीतिक आवश्यकता है। इससे बोर्ड स्तर तथा बोर्ड स्तर से नीचे के स्तर पर उच्च कौशलयुक्त एवं प्रतिभाशाली पेशेवरों को आकर्षित करना व उन्हें बनाए रखने में मदद मिलेगी। तकनीकी एवं विशिष्ट क्षेत्रों में अनुभवी मानव संसाधन के पलायन को रोकने के साथ लोक उद्यमों की परिचालन दक्षता एवं राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति को बल मिलेगा। साथ ही निजी क्षेत्र के समकक्ष उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धात्मकता एवं समानता सुनिश्चित की जा सकेगी।

पहले विलंब से हुआ अफसरों को नुकसान

उल्लेखनीय है कि द्वितीय व तृतीय पे-रिविजन में कुछ खामियों के कारण केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों को जो नुकसान हुआ है उसे चौथे पे-रिविजन में दूर किया जा सकता है। तीसरे पे-रिविजन में अफोर्डेबिलिटी क्लाज के कारण सेल जैसी महारत्न कंपनी के कार्मिकों को 39 माह के एरियर्स से वंचित होना पड़ा। जबकि 2007 से लेकर 2016 तक सेल का कुल पीबीटी (प्राफिट बिफोर टैक्स) लगभग 61500 करोड़ रूपये था व केवल वित्तीय वर्ष 2015-16 में पीबीटी 7000 करोड़ रूपये होने के कारण कार्मिकों का पे-रिविजन 1 अप्रैल 2020 से लागू हुआ। हार्डशीप एलाउंस से भी सेल जैसी महारत्न कंपनी के अधिकारियों का वंचित रखा गया।

दो दिवसीय गरबा के आयोजन के लिए पूर्व महापौर धीरज सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब ने किया सम्मान

दुर्ग नवनिर्माण समिति के संरक्षक एवं शहर के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में दुर्ग में आयोजित दो दिवसीय गरबा महोत्सव का सफल एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस गरबा उत्सव में शहर के हजारों युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संपूर्ण आयोजन में अनुशासन, सुरक्षा और भव्यता का विशेष ध्यान रखा गया, जिसकी शहरवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। दुर्ग की संस्कृति और परंपरा को एक नया मंच देने के लिए श्री बाकलीवाल जी का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय रहा।कार्यक्रम की सफलता और उत्कृष्ट प्रबंधन को देखते हुए सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब, दुर्ग द्वारा सांई मंदिर समिति कसारीडीह दुर्ग के अध्यक्ष धनेंद्र चंदेल एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री पवन देवांगन एवं सिविल लाइन स्पोर्ट्स क्लब दुर्ग के अध्यक्ष श्री हेमंत तिवारी,मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष श्री अलताफ अहमद ने श्री धीरज बाकलीवाल जी का शाल श्रीफल प्रतीकचिन्ह देकर सम्मान किया। क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि श्री बाकलीवाल जी एवं उनकी पूरी टीम ने दुर्ग में सांस्कृतिक आयोजन की एक नई मिसाल पेश की है। इस तरह के आयोजन से युवाओं में संस्कृति के प्रति जुड़ाव और शहर में सामाजिक एकता को बल मिलता है। इस अवसर पर मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद, सांई मंदिर समिति कसारीडीह के अध्यक्ष धनेंद्र चंदेल, वरिष्ठ पत्रकार पवन देवांगन, इंटक के अध्यक्ष प्रकाश शिवणकर, सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, अनूप पाटिल, सीपी शर्मा, किसान नेता कल्याण सिंह ठाकुर, राकेश दुबे, भोजराज यादव, भावेंद्र चंद्राकर, पवन राय, ईश्वर साहू, अली असगर सहित अन्य मौजूद थे।

शोध में सांख्यिकी प्रविधियों एवं परिकल्पना परीक्षण की उपयोगिता पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



साइंस कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को शोध कार्य में सांख्यिकी प्रविधियों, सहसंबंध विश्लेषण एवं परिकल्पना परीक्षण के व्यावहारिक महत्व से परिचित कराना था। व्याख्यानमाला के प्रथम दिवस शासकीय महाविद्यालय गुढ़ियारी से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ डॉ. राजवंश कौर कोहली ने शोध कार्य में सांख्यिकी प्रविधियों की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को आंकड़ों के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक तथा उसके सांख्यिकीय परीक्षण की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने शोध आंकड़ों के विश्लेषण एवं निष्कर्षों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में सांख्यिकीय विधियों की भूमिका को स्पष्ट किया।

व्याख्यानमाला के द्वितीय दिवस को शासकीय महाविद्यालय खुर्सीपार से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ डॉ. शालिनी वर्मा ने शोध में परिकल्पना परीक्षण के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रसामान्य प्रायिकता वक्र, परिकल्पना के विभिन्न प्रकारों एवं उनके महत्व पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने टी-परीक्षण की अवधारणा एवं शोध में उसकी उपयोगिता को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को सांख्यिकीय परीक्षणों के व्यावहारिक पक्ष से अवगत कराया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि शोध की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सांख्यिकीय विधियों का ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उन्हें शोध कार्य की व्यावहारिक चुनौतियों को समझने में सहायता प्रदान करते हैं। संचालन डॉ. कीर्ति पांडेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. ओमकुमारी वर्मा ने किया।

नेहरू नगर दशहरा मैदान में दशहरा पर्व कल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नेहरू नगर वेलफेयर एंड दशहरा एसोसिएशन द्वारा इस वर्ष अपने 20 वे वर्ष में 20 अक्टूबर को रात्रि 7 बजे कालीबाड़ी के सामने नेहरू नगर दशहरा मैदान में विजयादशमी पर्व का आयोजन किया जा रहा है। वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शुक्ला एवं महासचिव मनीष सोनी ने बताया कि नेहरू नगर का दशहरा पर्व पूरे छत्तीसगढ़ में एक मात्र ऐसा कार्यक्रम है, जहां कि मुख्य अतिथि कोई राजनेता या प्रशासनिक अधिकारी नहीं बल्कि दर्शकों की भीड़ में उपस्थित सबसे ज्यादा उम्रदराज चार पांच व्यक्तियों को आमंत्रित कर उनसे रावण के पुतले का दहन कराया जाता है।

इस वर्ष 50 फिट ऊंचे रावण एवं 40-40 फीट ऊंचे कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। दशकों एवं बच्चों के विशेष मनोरंजन कार्यक्रम के लिए रंगबिरंगी आतिशबाजी,आर्केस्ट्रा को सम्मिलित किया गया है।कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसएन मोदी, कोषाध्यक्ष नरेश डोरा, आलोक मिश्रा, वैभव जैन, बसंत चौबे, शैलेन्द्र ताम्रकार, प्रदीप सूर्यवंशी, उमेश सिंह, योगेश अग्रवाल, बसंत साहू, मनोज गुप्ता, बेनीराम देवांगन, मनु शर्मा, सर्वेश अग्रवाल, कमलेश ताम्रकार सहित अन्य जुटे हुए हैं।

रिसामा में कल मनेगा दशहरा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के ग्राम रिसामा में मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय श्रीरामलीला मंडली द्वारा पारंपरिक मंचन किया जाएगा, जिसमें अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध और रावण वध के सजीव प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे।

श्रीरामलीला मंडली रिसामा ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान श्रीराम के आदर्शों और धर्म की विजय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। यह जानकारी राजेंद्र साहू ने दी है।

सर्किट हाउस के पास बेच रहा था नशे का सामान एक किलो गांजे के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मोहन नगर पुलिस ने सर्किट हाउस के पास से ग्रीन चौक निवासी भूपेन्द्र यादव उम्र 19 वर्ष को करीब 1 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। गांजे की कीमत करीब 60 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा तथा उसके कब्जे से 1.193 किलोग्राम गांजा जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि थी सर्किट हाउस के पीछे एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहक तलाश रहा है। सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना मोहन नगर पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम ने संदेही को अभिरक्षा में लेकर तलाशी ली, जिसमें एक सफेद रंग के बोरे से 1.193 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 60,000 बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट में अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

काम दिलाने के नाम पर महिला से 99 हजार लेने वाले को भेजा जेल

भिलाई। मोहन नगर पुलिस ने महिला के साथ कथित मारपीट, जान से मारने की धमकी तथा नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से 99 हजार रुपए लेने वाले को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 17 अक्टूबर को कोहका निवासी लता महिलांगे उम्र 37 वर्ष ने मोहन नगर थाने में लिखित आवेदन पेश किया था। प्रार्थिया ने आरोप लगाया कि शुभम सराहुकी ने काम दिलाने के नाम पर उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर 80 हजार नगद और 19 हजार ऑनलाइन माध्यम से लिए। पुलिस ने धारा 296, 351(3), 115(2), 308(2) एवं 308(3) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी ने काम दिलाने के नाम पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी तथा नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से पैसे लिए। आरोपी सेक्टर-7 निवासी है। आरोपी से 10 हजार रुपए नगद जब्त किया गया है। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

इंटक ने प्रबंधन से टाउनशि की सुविधाएं दुरुस्त करने की मांग की

इंसेंटिव स्कीम रिवाइज नहीं होने पर होगा आंदोलन : इंटक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लेबर प्रोडक्टिविटी के अनुरूप इंसेंटिव स्कीम को रिवाइज करने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं 25 वर्ष से अधिक आयु के आश्रित बच्चों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा

- टाउनशिप, शिक्षा व अन्य सुविधाओं पर चर्चा की गई

टाउनशिप एवं शिक्षा सुविधाओं में सुधार की प्रबंधन से मांग की गई।

स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि बीएसपी में कर्मचारियों की लेबर प्रोडक्टिविटी में पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2007 में जब इंसेंटिव स्कीम लागू की गई थी, उस समय लेबर प्रोडक्टिविटी लगभग 228 टन हॉट मेटल प्रति व्यक्ति थी, जो वर्तमान में बढ़कर 410 टन हॉट मेटल प्रति व्यक्ति हो गई है। कर्मियों के योगादन के बाद भी वर्ष 2007 में लागू इंसेंटिव स्कीम को वर्तमान उत्पादन क्षमता, उत्पादकता और वित्तीय परिस्थितियों के अनुरूप पर्याप्त रूप से संशोधित नहीं किया गया है। इस साल 10 हजार करोड़ के लाभ के लक्ष्य को देखते हुए कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए बेहतर इंसेंटिव का लाभ मिलना चाहिए। आज संयंत्र की उत्पादन क्षमता, लेबर प्रोडक्टिविटी और कंपनी की वित्तीय स्थिति वर्ष 2007 की परिस्थितियों से पूरी तरह अलग है।



कर्मचारियों के हित में होगा बड़ा आंदोलन

इंटक महासचिव संजय कुमार साहू ने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने इंसेंटिव स्कीम, मेडिकल सुविधाओं, टाउनशिप एवं शिक्षा सुविधाओं से जुड़े इन मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की, तो स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक कर्मचारियों के हित में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। बैठक में पूरन वर्मा, जी. आर. सुमन, विश्वनाथ सिंह साहू, सुरेश, श्याम कुमार, रेशम राठौर, सी. पी. वर्मा, सब सिंह, रमन मूर्ति, ताम्रध्वज सिन्हा, गुरुदेव साहू, राजकुमार, दीनानाथ सिंगसार्वा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त कर्मियों को मिले बेहतर मेडिकल सुविधा

यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा ने कहा कि बीएसपी की मेडिकल सुविधाओं में लगातार कमी किए जाने से कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 25 वर्ष से अधिक आयु के आश्रित बच्चों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। बीएसपी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं और आवश्यक सुविधाओं को मजबूत किया जाए, ताकि कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारों को बेहतर उपचार मिल सके।कार्यकारी अध्यक्ष जी. आर. सुमन ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप में बिजली, संधारण और अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए बजट में कमी किए जाने से कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीएसपी स्कूल लगातार बंद हो रहे हैं। सभी सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए।

सम्राट अशोक विजयदशमी कल और वर्षावास समापन पर विशेष 25 को

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा सम्राट अशोक विजयदशमी (धम्म चक्र अनुवर्तन दिवस) और वर्षावास समापन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। 20 अक्टूबर मंगलवार को शाम 6 बजे धम्मचक्र अनुवर्तन दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएमओ इंचार्ज उदय धाबर्डे होंगे। मुख्य वक्ता इंटरनेशनल सेंटर फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज नागपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर सुजीत बनाकर बोधि होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रेरणा काठाने, पंकज मेश्राम और अजय रणवीर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद वासनिक करेंगे, मंच संचालन महासचिव वीरेंद्र करेंगे और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष रंजू खोबरागड़े करेंगी।

- 20 को धम्मचक्र अनुवर्तन दिवस का आयोजन

कार्यक्रम में संध्याकालीन भोजन की व्यवस्था होगी और लता किरण द्वारा कवि सम्मेलन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से संस्था परिसर में वर्षावास समापन का यह क्रम आयोजित होगा। इस दौरान प्रज्ञा कीर्ति के सानिध्य में सुगंध बोधी (सहारनपुर) द्वारा परित्त वंदना और धर्म देशना दी जाएगी। साथ ही भिक्षु संघ को सामूहिक भोजन दान दिया जाएगा। महासचिव वीरेंद्र गजभिए ने यह जानकारी देते हुए सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसकी शोभा बढ़ाएं।

अंचल में दुर्गोत्सव की धूम



अंडा। जय मां सरस्वती उत्सव समिति भानपुरी दुर्ग।



अंडा। नव दुर्गा उत्सव समिति गाधीं नगर अंडा।



अंडा। महिला सरस्वती समिति ईतवारी बाजार चौक अंडा।



अंडा। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति गुरूवार बाजार चौक अंडा।



पाटन। सभापति शर्मा ने पाटन क्षेत्र के दुर्गा पंडालों में टेका माथा।



अंडा। नवरत्न दुर्गोत्सव समिति मिलपारा अंडा।

निधन

वंदना भजने



दुर्ग। पद्मनाभपुर निवासी वंदना भजने 62 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे जल संसाधन विभाग दुर्ग के सेवानिवृत कर्मचारी एवं साई मंदिर समिति कसारीडीह के आजीवन सदस्य श्रीधर भजने की पत्नी एवं मनीष भजने, मयूरी रोडे की माता थीं। वंदना भजने के निधन पर साई मंदिर समिति सिविल लाइन ने भी शोक व्यक्त किया है।

उर्मिला देवी



भिलाई। सेक्टर 6 सड़क 83 मकान नंबर 6 बी निवासी उर्मिला देवी पति प्रेम सागर सिंह उम्र 69 साल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष सिंह एवं आरक्षक संदीप सिंह की माता थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने शोक व्यक्त किया है।

नवरात्रि के समापन पर भक्ति की लहर, दशहरे की तैयारियां जोरों पर

दुर्गा अष्टमी पर गांव-गांव में हवन करने जुटे श्रद्धालु, कन्या भोज में दिखी देवी के प्रति आस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर मदन लाल केला, भीखमचंद राठी, चम्पालाल केला, सुभाष केला, पंचू ठाकुर और दीपेश पाण्डेय के साथ ही सौरभ राठी के यहां नौ कन्या भोज का विशेष अनुष्ठान पूर्ण श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। योगिता ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, काव्या पटवा, पूर्वी साहू, निहारिका ठाकुर, निशा साहू, जागृति साहू, लल्ली साहू और जिया साहू जैसी नन्ही बालिकाओं को आदरपूर्वक आमंत्रित कर उनके पैर धोए गए, महावर लगाकर पूजा-अर्चना की गई तथा खीर-पूड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद उन्हें पेन, चॉकलेट एवं अन्य उपहार भेंट कर चरण स्पर्श किए गए। हिंदू शास्त्रों में इस अनुष्ठान को अत्यंत पवित्र माना गया है।

आयोजनकर्ता सौरभ राठी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार 2 से 10 वर्ष की बालिकाओं में मां दुर्गा का साक्षात वास होता है, जो नौ देवियों (शैलपुत्री से लेकर सिद्धिदात्री तक) का प्रतिनिधित्व करती हैं। रुक्मणी, यशोदा एवं थानेश्वरी ठाकुर ने बताया कि कन्याओं के घर पहुंचने पर उनका पारंपरिक स्वागत कर शुद्ध जल से चरण धोए जाते हैं। कुमकुम और अक्षत का तिलक लगाने तथा कलावा बांधने के बाद उन्हें सात्विक भोजन परोसा जाता है।

कन्याओं के चरण पखारकर की गई पूजा-अर्चना



हनुमान शारदा मंदिर में महाअष्टमी पर विशेष हवन, कल निकलेगी जवारा विसर्जन शोभायात्रा



ओखरा / मुरमुन्दा। ग्राम ओखरा-भाठापारा स्थित हनुमान शारदा मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्रि का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा कुल 153 मनोकामना अखंड ज्योति कलश (जिनमें 33 घी और 120 तेल के कलश शामिल हैं) प्रज्वलित किए गए हैं। नौ दिनों से गूंज रहे माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। नवरात्रि अनुष्ठानों के क्रम में आज महाअष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आहुतियां दी जा रही हैं। वहीं, नौ दिनों की अखंड साधना के पश्चात स्थापित जोत-जवारा का विसर्जन कल सोमवार, 19 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे पारंपरिक शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। यह भव्य यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर स्थानीय जलाशय तक पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से जवारा विसर्जन संपन्न होगा।

विधायक चंद्राकर ने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



भिलाई। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित नवरात्रि कार्यक्रमों में शामिल होकर मां आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की और सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। ग्राम पीपरछेड़ी में महाआरती में, ग्राम भानपुरी में माँ काली की पूजा, रिसाली मैत्रीकुंज में माँ दुर्गा का आशीर्वाद लिया। मीनाक्षी नगर में गरबा-डांडिया उत्सव में शामिल हुए। संतराबाड़ी में भव्य चुनरी यात्रा में शामिल हुए -दुर्ग के संतराबाड़ी में संतराबाड़ी युवा समिति द्वारा माँ माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा में शामिल हुए। वहीं ग्राम अंजोरा, आलबरस, भानपुरी, चंदखुरी, खोपली, उतई में भी मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बगलामुखी माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ सहभागिता रही।

नंदकठी के मां चंडिका मंदिर में हवन-पूजन



नंदकठी। ग्राम नंदकठी स्थित मां चंडिका मंदिर में महाअष्टमी पर्व के पावन अवसर पर पंडित रवि मिश्रा के आचार्यत्व में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि इस दौरान मां चंडिका मंदिर में भक्तों द्वारा कुल 41 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किए गए थे।

भारत युवा संकल्प समिति ने बांटे फल



कुम्हारी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर भारत युवा संकल्प समिति ने महामाया मंदिर के समीप स्थित वृक्षारोपण स्थल पर फलों का वितरण किया। इस पहल के जरिए समिति के सदस्यों ने नवरात्रि की खुशियां साझा करते हुए सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया। इस सेवा कार्य में हरीश सोनी, ओमप्रकाश साहू, रामजी यादव, कुलेश्वर वर्मा, राकेश सेन, किशोर धीवर, ओमेंद्र साहू, धनंजय साहू, नंदलाल साहू, ताम्रध्वज साहू, नारायण साहू और कौशल किशोर साहू सहित समिति के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

करेला में चैतन्य झांकी गुफा का भव्य शुभारंभ



पाटन। जय मां जगदम्बा भवानी समिति, करेला के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना एवं जीवंत चलित झांकी गुफा का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू रहे। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। विशेष अतिथि सरपंच संघ (पाटन) के अध्यक्ष रूपेंद्र शुक्ला, जनपद प्रतिनिधि भेदप्रकाश वर्मा, पूर्व सेक्टर अध्यक्ष यादव राम सेन, समाजसेवी भानु वर्मा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रोहित साहू, समाजसेवी गोकुल ठाकुर एवं पंच छवि लाल ठाकुर उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने मातारानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। आयोजक समिति ने गुफा के भीतर लक्ष्मण झूला, भूत बंगला, सर्प दर्शन एवं बंजारी माता दर्शन सहित कई आकर्षक सजीव दृश्य प्रदर्शित किए हैं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष इंद्र कुमार मेश्राम, तरुण कोसे, योगेंद्र ठाकुर, लुमेश कुमार, रितेश सोनी, देवा ठाकुर, यशवंत कोसे, प्रशांत देशमुख, अश्वनी ठाकुर, रेवेन्द्र कोसे, निखिल, घनश्याम, सागर, राजेंद्र, सिब्बू, आकाश, कुंदन, नीरज, तुषार, शिवम यादव, रुद्र, बिट्टू आदि उपस्थित थे।

पारंपरिक वेशभूषा में सजे नन्हे बच्चों ने गरबा नृत्य से मोहा मन



अंडा। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला, विनायकपुर में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में डांडिया महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। संस्था के प्राचार्य गोविंद राम साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोती मार्कंडेय, प्रधान पाठक डामन लाल देशमुख व टीकेंद्र चंद्राकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। बालवाड़ी से लेकर विभिन्न कक्षाओं के छोटे-छोटे बच्चों ने माताराणी के विविध रूपों की मनमोहक झांकी व डांडिया-गरबा नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। प्राचार्य गोविंद राम साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का मानसिक विकास होता है तथा उनमें विद्यालय आने के प्रति नया उत्साह एवं उमंग का संचार होता है। संगीत प्रशिक्षक अनामिका सेन के मार्गदर्शन में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं से जोड़े रखना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, दीपमाला चंद्राकर, मनोरमा हालदार एवं खिलेंद्र यादव ने सराहनीय सहयोग दिया।

नवदुर्गा के रूप में सजीं चंगोरी स्कूल की नन्हीं बेटियां



पाटन। शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी (संकुल केंद्र बठेना, ब्लॉक पाटन) के बच्चों ने ग्राम के दुर्गा पंडाल में नवदुर्गा का जीवंत रूप धारण कर शानदार मंचीय प्रस्तुति दी। सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे ने बच्चों को गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रभावशाली संवाद शैली और वेशभूषा के माध्यम से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', नशामुक्त समाज, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण सुरक्षा तथा बड़ों के सम्मान का सशक्त संदेश दिया। बच्चों द्वारा गाए गए सेवा गीतों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। समारोह का संचालन प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार साहू एवं शिक्षिका भानुमती कुर्रे ने किया। वहीं बच्चों की तैयारी व मार्गदर्शन में सहायक शिक्षक योगेश्वरी वर्मा व प्रेरक शिक्षक दीपांजलि बंदे का विशेष योगदान रहा।

तालाब के पानी में तैरते 40 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन



अंडा। जमीन या आसमान में नहीं, बल्कि पानी में तैरते रावण के दहन की अनूठी परंपरा दुर्ग जिले के ग्राम सिरसिदा में इस वर्ष भी निभाई जाएगी। आगामी 20 अक्टूबर (मंगलवार) को दशहरा पर्व पर गांव के शीतला तालाब के बीचों-बीच तैरते हुए 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। पूर्व सरपंच खेमन लाल चंद्राकर व समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 1994 में ग्रामीणों ने कुछ अलग करने के जुनून में पहली बार तालाब के बीच रावण का पुतला जलाया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुंडरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, सरपंच सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर, समिति अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद देवांगन, उपाध्यक्ष नेलशन देवांगन, संचालक ढाल सिंह चंद्राकर आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की रात्रि 10 बजे से धमतरी की प्रसिद्ध सांस्कृतिक मंडली 'तिहार छाती' द्वारा रंगारंग छत्तीसगढ़ी प्रस्तुति दी जाएगी।

अण्डा में सजा माता का दरबार, गरबा की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



■ विधायक ललित और चेयरमैन राजन कुमार दुबे की उपस्थिति में हुआ आयोजन

शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा में नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मां जगदंबा की आराधना और पारंपरिक गरबा धुनों से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक उल्लास में डूब गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न समूहों के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां देकर भारतीय लोक परंपरा और सामूहिक सहभागिता का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे, तिलक चंद्राकर और मुकेश अण्डा शामिल हुए। अध्यक्षता महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने की। महोत्सव में विभिन्न कक्षाओं के 10 गरबा समूहों ने हिस्सा लिया, जिनमें मां महामाया (एम.एस.सी.) समूह विजेता तथा मां ब्रह्मचारिणी (डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष) समूह उपविजेता रहा। मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की गई।

शहीद डोमेश्वर की प्रतिमा का अनावरण, धोबी और धीवर समाज के भवनों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर



ग्राम पंचायत जामगांव-आर में पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न

■ पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान धेरिया धोबी समाज के अहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, वहीं धीवर समाज भवन और ज्योति कलश कक्ष का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, शहीद डोमेश्वर साहू की प्रतिमा का अनावरण भी प्रमुख रूप से किया गया। इस दौरान 'जय मारादेव मारिया पूरन पचपेड़ी' की जस झांकी का भी आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। धेरिया धोबी समाज के कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र निर्मल ने की, धीवर समाज भवन लोकार्पण के दौरान टेमन सपहा अध्यक्ष रहे, शहीद डोमेश्वर साहू मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में नरेश केला और ज्योति कलश कक्ष लोकार्पण के अवसर पर के.एल. साहू ने अध्यक्षता संभाली। यह पूरा आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच रूपेंद्र कुमार शुक्ला और उपसरपंच मुकेश साहू सहित समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।


पेट्रोल पंप के पास टला बड़ा सड़क हादसा लोगों की तत्परता से बची यात्रियों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड अंतर्गत तरीघाट पेट्रोल पंप के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बाइक सवार को अचानक बचाने के प्रयास में एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खेत में जा गिरी। वाहन में पुरुषों के अलावा महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे, यहां तक कि दुधमुंहे बच्चे भी सवार थे, जिससे यात्रियों की जान सांस में आ गई थी। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। कार के खेत में पलटने से वाहन में फंसे लोगों के लिए दम घुटने का खतरा भी मंडरा रहा था, ऐसे में समय पर मिली मदद जीवनरक्षक साबित हुई। यह घटना वाहन चालकों के लिए एक बड़ा सबक है कि सड़क पर वाहन चलाते समय अत्यधिक सतर्कता और गति पर नियंत्रण रखना बेहद आवश्यक है।





नवरात्रि की नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा से मिलती हैं अष्टादश सिद्धियां

नवरात्रि के नौवें दिन की माता

नवरात्रि के नौवें और अंतिम दिन की साधना मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री को समर्पित होती है। शास्त्रों में इनका वर्णन 'सिद्धियों की दात्री' के रूप में किया गया है। मां सिद्धिदात्री की कृपा से भक्त को अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व सहित सभी सिद्धियां प्राप्त हो सकती हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने भी इनकी आराधना कर सिद्धियों की प्राप्ति की थी और इसी कारण वे अर्द्धनारीश्वर रूप में विख्यात हुए। माना जाता है कि नवमी के दिन श्रद्धापूर्वक मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से भक्त की लौकिक इच्छाओं की पूर्ति होती है, वह संसारिक दुखों से मुक्त होकर मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर होता है।

मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व- ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है।



मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वे लोक में 'अर्द्धनारीश्वर' नाम से प्रसिद्ध हुए।

मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में कमलपुष्प है। प्रत्येक मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह मां सिद्धिदात्री की कृपा प्राप्त करने का निरंतर प्रयत्न करें। उनकी आराधना की ओर अग्रसर हो। इनकी कृपा से अनंत दुख रूप संसार से निर्लिप्त रहकर सारे सुखों का भोग करता हुआ वह मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।

नवदुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त दुर्गा पूजा के नौवें दिन इनकी उपासना में प्रवत्त होते हैं। इन सिद्धिदात्री मां की उपासना पूर्ण कर लेने के बाद भक्तों और साधकों की लौकिक, पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है।

सिद्धिदात्री मां के कृपापात्र भक्त के भीतर कोई ऐसी कामना शेष बचती ही नहीं है, जिसे वह पूर्ण करना चाहे। वह सभी सांसारिक इच्छाओं, आवश्यकताओं और स्पृहाओं से ऊपर उठकर मानसिक रूप से मां भगवती के दिव्य लोकों में विचरण करता हुआ उनके कृपा-रस-पीयूष का निरंतर पान करता हुआ, विषय-भोग-शून्य हो जाता है। मां भगवती का परम सान्निध्य ही उसका सर्वस्व हो जाता है। इस परम पद को पाने के बाद उसे अन्य किसी भी वस्तु की आवश्यकता नहीं रह जाती।

मां के चरणों का यह सान्निध्य प्राप्त करने के लिए हमें निरंतर नियमनिष्ठ रहकर उनकी उपासना करनी चाहिए। मां भगवती का स्मरण, ध्यान, पूजन, हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हुए वास्तविक परम शांतिदायक अमृत पद की ओर ले जाने वाला है।

इनकी आराधना से जातक को अणिमा, लधिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, सर्वकामावसायिता, दूर श्रवण, परकामा प्रवेश, वाकसिद्ध, अमरत्व भावना सिद्धि आदि समस्त सिद्धियों नव निधियों की प्राप्ति होती है। आज के युग में इतना कठिन तप तो कोई नहीं कर सकता लेकिन अपनी शक्तिनुसार जप, तप, पूजा-अर्चना कर कुछ तो मां की कृपा का पात्र बनता ही है। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। मां जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में नवमी के दिन इसका जाप करना चाहिए।

या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

हे मां! सर्वत्र विराजमान और मां सिद्धिदात्री के रूप में प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ। हे मां, मुझे अपनी कृपा का पात्र बनाओ।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यू ओम ज्वेलर्स
शादी व्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22k), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
• जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
• शॉप नं.-64 बी, इंदिरा मार्केट, दुर्ग
• बाजार चौक, कुम्हारी











हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02

नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए...

लाइव इवेंट

बोरा लाइन में माता दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित



भिलाई। सुपेला की पुरानी बस्ती स्थित बोरा लाइन में नवरात्रि के अवसर पर माता दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां वार्डवासी मिलकर भक्तिभाव के साथ माता की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। रविवार को विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने शामिल होकर माता रानी से परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। बोरा लाइन में हर साल वार्डवासी मिलकर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते हैं और पूरे उत्साह के साथ पूजा-पाठ करते हैं। इस आयोजन में क्षेत्र के लोगों की सामूहिक भागीदारी रहती है। पूजा के दौरान आसपास का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति की ओर से सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ अन्य लोगों को भी प्रसाद वितरित किया जाएगा। वार्डवासियों के सहयोग से होने वाला यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ आपसी मेल-जोल और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। हर साल की तरह इस बार भी स्थानीय लोग आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।



श्री श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई 03 में विराजित माता महिषासुर मर्दिनी



मां शक्ति दुर्गोत्सव समिति बैगा पारा कुठेलाभाठा

हुई भजनों की प्रस्तुति, 56 भोग मिठाई और सब्जियों का वितरण



भिलाई। शहरभर में सैकड़ों छोटे बड़े पंडालो में से एक जनता मार्केट पंडाल में माता की प्रतिमा रथ पर विराजमान है जहां सप्तमी के अवसर पर मां शाकम्भरी की पूजा अर्चना की गई। भक्तजनो को महाआरती के बाद फल हरिसब्जी का प्रसाद वितरण किया गया, साथ ही विभिन्न महिला समितियों द्वारा माता के दरबार मे भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। जिससे भक्तिभाव का माहौल और सजीव हो रहा है।

● उमड़ी युवतियों और परिवारों की भीड़, बच्चों में भी दिखा उत्साह

गरबा की ताल पर थिरकी ट्विनसिटी, जमकर झूमें युवा आज अंतिम दिन मिलेंगे कई आकर्षक पुरस्कार

भिलाई। नवरात्रि की उमंग, गुजराती गीतों की गूंज और डांडिया की खनक के बीच ट्विनसिटी में दिलबर डांडिया महोत्सव का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड में हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय महोत्सव के सातवें और आठवें दिन गरबा करने वालों की बड़ी भीड़ उमड़ी। खासकर युवतियों और महिलाओं में आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने मिला। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने समूह में गरबा किया, वहीं परिवारों के साथ पहुंचे लोगों ने भी डांडिया की ताल पर कदम मिलाकर नवरात्रि की खुशियां साझा कीं। पारंपरिक संगीत, आकर्षक वेशभूषा और उत्सवी माहौल ने पूरे परिसर को देर रात तक जीवंत बनाए रखा।



पारंपरिक परिधानों में सजे, समूहों में दिखा उत्साह

महोत्सव के सातवें दिन मैदान में पहुंचते ही नवरात्रि के रंग और गरबा की रौनक नजर आई। युवतियां अपने दोस्तों के साथ अलग-अलग रंगों और थीम पर आधारित परिधानों में पहुंचीं। कहीं एक जैसे ड्रेस कोड में सजे समूह गरबा करते नजर आए, तो कहीं परिवार के सदस्य एक साथ पारंपरिक नृत्य का आनंद लेते दिखे। हाथों में डांडिया और चेहरे पर उत्साह के साथ प्रतिभागी संगीत की लय पर कदम मिलाते रहे। इस दौरान फोटो खिंचवाने और अपने समूह के साथ यादगार पल संजोने का उत्साह भी दिखाई दिया। आयोजन की खास बात यह रही कि यहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग के लोग पारंपरिक गरबा संस्कृति से जुड़ते नजर आए।



भवानी गरबा से सनेडो तक, हर धुन पर थिरके कदम

गुजराती गीतों के साथ भवानी गरबा, सनेडो, दो ताली और चौकड़ी-छकड़ी जैसे पारंपरिक नृत्य के अंदाज ने प्रतिभागियों को खूब आकर्षित किया। डांडिया की छड़ियों की खनक और तालियों की गूंज के बीच युवतियों के समूह पूरे उत्साह से नृत्य करते रहे। पहली बार गरबा करने पहुंचे लोगों ने भी दूसरों के साथ कदम मिलाकर इस उत्सव का आनंद लिया। परिवारों की भागीदारी ने आयोजन को केवल नृत्य तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि यह मेल-मिलाप और साथ में खुशियां मनाने का अवसर भी बना। ट्विनसिटी के लोगों के लिए दिलबर डांडिया महोत्सव नवरात्रि की शामों में मिलने, पारंपरिक संस्कृति से जुड़ने और रोजमर्रा की व्यस्तता से कुछ समय निकालने का खास मौका बन रहा है।

आज अंतिम दिन, साइकिल समेत मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

पिछले 12 वर्षों से ट्विनसिटी की नवरात्रि का आकर्षण बना हरिभूमि का डांडिया रास गरबा महोत्सव सोमवार, 19 अक्टूबर को अपने अंतिम दिन में पहुंचेगा। समापन अवसर पर प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। इनमें प्रथम पुरस्कार के रूप में वाशिंग मशीन और साइकिल सहित अन्य उपहार शामिल रहेंगे। पुरस्कारों को लेकर प्रतिभागियों में उत्सुकता है और अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में शहरवासियों के पहुंचने की उम्मीद है। नौ दिनों तक चले इस आयोजन में निःशुल्क प्रवेश ने परिवारों, युवाओं और गरबा प्रेमियों को उत्सव से जुड़ने का अवसर दिया। अंतिम दिन पुरस्कारों के साथ गरबा-डांडिया की उमंग महोत्सव को यादगार समापन की ओर ले जाएगी। शहरवासी सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड पहुंचकर पारंपरिक गरबा और डांडिया का आनंद ले सकेंगे।

इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकित सिंग, जोगा राव, लोहा बाड़ा धमधा से अनिल गोयल, चिराग गोयल, अनूप तिवारी, कन्हैया सोनी विनोद शंकर द्वीवेदी, इंदर, खिलावन सिंह चौहान, कार्यक्रम में सहयोगी संस्कार बुटिक प्रभा गुप्ता, अनामिका रमेश पटेल, महिला पुलिस काउंसलर जया दूबे, रश्मि साव, सोनम टंडन सहित हरिभूमि की टीम मौजूद रही।



वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संकल्प लेकर पोर्ट ब्लेयर पहुंचे भिलाई के आर्य समाजी

भिलाई। वैदिक संस्कृति, सनातन परंपराओं के संरक्षण और आर्य समाज के सुदृढ़ीकरण का संदेश लेकर भिलाई के आर्य समाजियों ने अंडमान-निकोबार के पोर्ट ब्लेयर स्थित आर्य समाज में वैदिक यज्ञ किया। आचार्य डॉ. अजय आर्य के नेतृत्व में आयोजित यज्ञ में विश्व कल्याण, सामाजिक सद्भाव और वैदिक विचारधारा के प्रसार की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की गईं। इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि वेदों का ज्ञान, यज्ञ परंपरा और नैतिक जीवन-मूल्य भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। आर्य समाज का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि वैदिक ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति, परिवार और समाज को श्रेष्ठ बनाना है। उन्होंने नई पीढ़ी को वैदिक परंपराओं से जोड़ने और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संजय चतुर्वेदी, दिनेश कुमार पटेल और



आशुतोष सिंह ने भी वैदिक संस्कृति के संरक्षण तथा आर्य समाज को मजबूत बनाने पर विचार रखे। डॉ. मृदुला चतुर्वेदी और अक्षत आर्यांश ने यज्ञ में सहभागिता की। इस दौरान आर्य समाज के प्रधान आर.पी. यादव को आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री एवं डॉ. अजय आर्य द्वारा लिखित पुस्तक गायत्री मंत्र के साधना सूत्र भेंट की गई। मंत्री पंकज वैद्य को गायत्री मंत्र के पंपलेट प्रदान किए गए।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव जस गायन में हुए शामिल दुर्गा नवमी और अष्टमी की लोगों को दी शुभकामनाएं

दुर्ग। शारदीय नवरात्रि के महाअष्टमी पर शहर विधायक और केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव विभिन्न दुर्गा पंडाल पहुंचे और हवन पूजन में आहुति डालकर शहरवासियों के सुख समृद्धि की कामना किये। इस दौरान खीर पूड़ी और खिचड़ी के भोग भंडारा में हाथ भी बंटाये। शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की समस्त देवी शक्ति का स्वरुप होती है। नौ दिन हम सभी ने माता की भक्ति की है, उसका आशीर्वाद मिलेगा। नवरात्रि के पावन पर्व में उन्होंने गंजपारा, पद्मनाभपुर कालिबाड़ी, सत्तीचौरा, गाँधी चौक, ढीमरपारा, ग्रीन चौक, संगम चौक उरला, वृन्दानगर, विराट नगर बोरसी, स्टेशन रोड, पोटियाकला, डिपरापारा, सिकोला बस्ती, जवाहरनगर सहित दुर्ग विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र में विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन कर झांकी देखने निकले शहर के नागरिकों अभिवादन कर शक्ति और भक्ति के महापर्व नवरात्रि की शुभकामनायें दिए। भक्ति और शक्ति के इस पावन पर्व पर दुर्गवासियों की श्रद्धा, माँ जगदम्बे के प्रति अटूट विश्वास और लोकसंस्कृति से जुड़ाव ने पूरे शहर को भक्तिमय उल्लास और उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया। यही आस्था, एकता और सांस्कृतिक विरासत हमर दुर्ग की असली पहचान है।





आचार्य जिनचंद्र सूरीश्वर, राष्ट्रसंत मणिभद्र मुनि एवं विराग मुनि की पावन निश्रा में हुआ उद्घाटन

कार्नर न्यूज

आयम्बिल शाला का शुभारंभ : 400 लोग तेल, घी, नमक, शक्कर, गुड़, चाय, दूध और मसालों का त्याग कर हुए तपस्या में लीन

दुर्ग। धर्म, तप, त्याग एवं संयम की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ओसवाल पंचायत के तत्वावधान में रविवार को ऋषभदेव परिसर शिवपारा में आयम्बिल शाला का शुभारंभ किया गया। आचार्य जिनचंद्र सूरीश्वर, राष्ट्रसंत मणिभद्र मुनि एवं विराग मुनि की पावन निश्रा में उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी संप्रदायों के लगभग 400 श्रद्धालुओं ने आयम्बिल का लाभ लिया। संतों की पावन निश्रा एवं समाजजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस धार्मिक आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

आयम्बिल जैन धर्म की एक महत्वपूर्ण तपस्या है, जिसमें साधक स्वाद और रुचि का त्याग करते हुए अत्यंत सादा एवं स्वादरहित भोजन ग्रहण करता है। इस तपस्या में तेल, घी, नमक, शक्कर, गुड़, चाय, दूध एवं मसालों आदि का प्रयोग नहीं किया जाता। यह आत्मसंयम, इंद्रिय निग्रह और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक है। ओसवाल पंचायत के अध्यक्ष ज्ञानचंद कोठारी ने बताया कि दुर्ग में सभी संप्रदायों के समाजजनों द्वारा लंबे समय से आयम्बिल शाला प्रारंभ करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। श्रद्धालुओं की अपेक्षा थी कि आयम्बिल तप करने वालों के लिए एक व्यवस्थित एवं समुचित सुविधा उपलब्ध हो। समाज की इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ओसवाल पंचायत ने आयम्बिल शाला प्रारंभ करने का सराहनीय एवं अनुमोदनीय निर्णय लिया।



सामूहिक भावना, धार्मिक आस्था के अनुरूप लिया गया निर्णय

श्री ओसवाल पंचायत के मंत्री संतोष लोढ़ा ने भी इस पहल को समाजहित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आयम्बिल शाला का प्रारंभ सामूहिक भावना, धार्मिक आस्था और समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सहयोग से यह व्यवस्था निरंतर आगे बढ़ेगी। निर्मल बोथरा एवं संजय लोढ़ा ने बताया कि आयम्बिल शाला प्रारंभ होने से श्रद्धालुओं को तप-आराधना के लिए एक उपयुक्त एवं व्यवस्थित सुविधा उपलब्ध होगी। प्रारंभिक तौर पर आयम्बिल शाला का संचालन जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब, दुर्ग में करने का निर्णय लिया गया है। शुभारंभ के अवसर पर लगभग 400 श्रद्धालुओं द्वारा आयम्बिल का लाभ लिया जाना इस पहल की उपयोगिता तथा समाज में इसके प्रति आस्था को दर्शाता है।

सुचारु संचालन के लिए समिति का गठन

ज्ञानचंद कोठारी ने बताया कि आयम्बिल शाला का शुभारंभ समाज की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक व्यवस्था का संचालन निरंतर एवं सुव्यवस्थित रूप से होता रहे, इसके लिए समिति का गठन किया गया है। श्री निर्मल बाफना को आयम्बिल शाला संचालन समिति का संयोजक बनाया गया है। समिति शाला के नियमित संचालन, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेगी, ताकि अधिकाधिक श्रद्धालु सुविधापूर्वक आयम्बिल तप का लाभ ले सकें।

धार्मिक आराधना के साथ सामाजिक एकता की पहल

आयम्बिल शाला का शुभारंभ धार्मिक सेवा के साथ-साथ समाज में परस्पर सहयोग, सद्भाव और एकता को मजबूत करने वाला प्रयास है। सभी संप्रदायों के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए श्री ओसवाल पंचायत के निर्णय की अनुमोदना की तथा इसे श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी एवं समयानुकूल व्यवस्था बताया।

सिटी इवेंट

पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागी जमकर थिरके



भिलाई। महिला चेम्बर भिलाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय रास रंग गरबा महोत्सव का समापन हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ हुआ। स्टील क्लब, सेक्टर-8 भिलाई में आयोजित इस महोत्सव में शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गरबा की पारंपरिक धुनों पर जमकर थिरके। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रम्हकुमारी आश्रम की प्रमुख आशा बहन ने माता की आरती से किया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे आयोजन स्थल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, भाजपा नेता मनीष पांडे, महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष डॉ इला अरुण, भाजपा नेत्री दिव्या भसीन, भाजपा महिला मोर्चा प्रभारी स्वीटी कौशिक, शांतिनगर पार्षद अभिषेक मिश्र, ईश्वरी नेताम, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के चीफ डॉ. उदय, उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जे.पी. गुप्ता और चेम्बर सलाहकार कन्हैया सोनी, दिनकर बासोटिया प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी अतिथियों ने गरबा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डैंबर की महासचिव सविता शर्मा गरबा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए सोने की अंगूठी, साइकिल, चांदी की पायल सहित अनेक आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। महिला चेम्बर भिलाई की अध्यक्ष सुमन कन्नौजे और महासचिव सविता शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव ने सामाजिक एकता, पारिवारिक सहभागिता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का संदेश दिया। आयोजन में शामिल सभी लोगों ने गरबा, संगीत और उत्सव के आनंद का भरपूर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में संरक्षक गीता वर्मा, प्रभारी सरोजनी पाणिग्रही, कार्यकारी अध्यक्ष रश्मि वर्मा, सुनीता सोनी, लक्ष्मी शाह, प्रीति बग्गा, शेखरन सहित महिला चेम्बर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



सिटी लाइव

स्थानीय बाजारों को बढ़ावा देने चेम्बर का अभियान, वित्तमंत्री ने किया पोस्टर विमोचन



भिलाई। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए भिलाई चेम्बर ने स्थानीय व्यापार और बाजारों को बढ़ावा देने के लिए आया त्योहार, चलो बाजार अभियान शुरू किया है। अभियान के पोस्टर का विमोचन छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने से छोटे व्यापारियों और व्यवसायियों को प्रोत्साहन मिलता है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और त्योहारों की खुशियां स्थानीय कारोबारियों के साथ साझा करने का अवसर भी मिलता है। भिलाई चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने मंत्री को अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से आम लोगों से अपील की जा रही है कि त्योहारी सीजन में ऑनलाइन खरीदारी के बजाय स्थानीय बाजारों में जाकर खरीदारी करें और लोकल व्यापार को मजबूत बनाने में सहयोग करें। अभियान के तहत शहर के स्कूलों, कॉलेजों, सोसायटियों, कोचिंग संस्थानों और विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। विद्यार्थियों और आम नागरिकों को स्थानीय बाजारों से खरीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही अभियान से जुड़े ब्रोशर भी वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर भिलाई चेम्बर के पदाधिकारी सुनील मिश्रा, विकास पांचाल, मनोहर कृष्णानी, विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

गरबा का अर्थ गर्भ दीप से है जो स्त्री की सृजन शक्ति का है प्रतीक



भिलाई। ग्रीन सिटी भिलाई में उत्कल सांस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में नवरात्रि के अवसर पर उत्कल संस्कृतिक महिला मंडल द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार माता दुर्गा की आरती और पूजा अर्चना की गई। पहले दिन के कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे और विनीता मनीष पांडे की उपस्थिति रही। विनीता ने गरबा का शाब्दिक अर्थ बताते हुए कहा कि गरबा का अर्थ गर्भ दीप से है जो स्त्री की सृजन शक्ति का प्रतीक है। दूसरे दिन मुख्य अतिथि काउंसलर कामिनी तिवारी महिला थाना सेक्टर 6 की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही और इस दिन महिलाओं ने धुनुची नृत्य का प्रस्तुति की और तीसरे दिन थीम बॉलीवुड नृत्य का प्रदर्शन किया गया। आयोजन करता में, संजू साहू ,नमिता साहू, जया शाह, शयल्ल साहू, जोशना मलिक, संध्या महापात्र, मंजू नाहक, प्रति पाणिग्रही, रीता रथ, जूली साहू, रीना मोहंती, सरोजिनी पाणिग्रही, शुरभा पाणिग्रही, विजयलक्ष्मी शाह, माधुरी चौधरी, प्रीति ज्योति और कौशल्या साहू और महिला मंडल की महिलाएं उपस्थित रही।

● विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर न्यायिक मार्गदर्शन के लिए कार्यशाला का आयोजन

निःशुल्क विधिक सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 का करें उपयोग, स्टूडेंट्स को दी अधिकारों से जुड़ी जानकारी

दुर्ग। स्वस्थ मन, सुरक्षित बचपन और अधिकारों के प्रति जागरूक युवा एक सशक्त समाज की नींव रखता है। इसी सोच के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर के समन्वय में आयोजित इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा के अधिकार, साइबर सुरक्षा और निःशुल्क विधिक सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। आयोजित शिविर का उद्देश्य केवल कानून की जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को अपने मन की बात कहने का भरोसा देना, दूसरों की परेशानियों को समझने की संवेदनशीलता विकसित करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना भी था। कार्यक्रम में तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी तथा अष्टम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम सिंह मरकाम ने विद्यार्थियों से संवाद किया।

मानसिक स्वास्थ्यः चुप्पी नहीं, संवाद है समाधान

विद्यार्थियों को बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। पढ़ाई का दबाव, परीक्षा की चिंता, असफलता का डर और व्यक्तिगत परेशानियां किसी भी विद्यार्थी को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसी स्थितियों में स्वयं को अकेला समझने या परेशानी को छिपाने के बजाय परिवार, मित्रों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करना और आवश्यकता पड़ने पर योग्य मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सहायता लेना महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 के प्रमुख प्रावधानों के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों और सम्मानजनक व्यवहार के महत्व से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में नालसा की लीगल सर्विस के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके माध्यम से मानसिक बीमारी तथा बौद्धिक दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्तियों के अधिकारों, संरक्षण और निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता के बारे में समझाया गया।





शिक्षा का अधिकारः हर बच्चे के सपनों तक पहुंचने का रास्ता

जागरूकता सत्र में शिक्षा को केवल विद्यालय तक सीमित विषय न मानकर बच्चों के भविष्य और समान अवसरों से जोड़कर प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों को नालसा शिक्षा स्कीम तथा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के संबंध में जानकारी देकर समझाया गया कि शिक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधान बच्चों के अवसरों, समावेशन और शैक्षणिक अधिकारों के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल भुगतान और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के बीच साइबर सुरक्षा भी जागरूकता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही। अनजान लिंक, फर्जी संदेश, ऑनलाइन ठगी व ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

करियर के संबंध में मार्गदर्शन, बताए गए एजुकेशन के माइल स्टोन

शिविर का एक महत्वपूर्ण पक्ष विद्यार्थियों और न्यायाधीशों के बीच हुआ सीधा संवाद रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न कानूनी और सामाजिक विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका न्यायाधीशगण ने सरल और सहज भाषा में समाधान किया। विद्यार्थियों को करियर निर्माण, शिक्षा, अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया गया। इस पहल का दायरा विद्यालय परिसर तक सीमित नहीं रहा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अध्यक्ष श्री के० विनोद कुजूर के मार्गदर्शन एवं सचिव श्री उमेश कुमार भागवतकर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा विद्यालय स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ जिले के विभिन्न गांवों और जनसामान्य के बीच भी जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं।

साइबर सुरक्षा पर किया अवेयर

पैरालीगल वालंटियर्स के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, शिक्षा के अधिकार तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित संदेश समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाए गए। इस अभियान में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित विभिन्न आयु वर्गों के लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक परेशानियों के प्रति संवेदनशीलता तथा जरूरतमंद व्यक्तियों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचाव, शिक्षा के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी भी साझा की गई। नागरिकों को बताया गया कि जरूरत पड़ने पर वे संबंधित विधिक सेवा संस्थाओं से संपर्क कर सकते हैं और निःशुल्क विधिक सहायता के लिए नालसा की हेल्पलाइन 15100 का उपयोग कर सकते हैं।

भिलाई में 65 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

मार्स द बैंड की प्रस्तुति और काकीनाडा की आतिशबाजी बढ़ाएगी उत्सव की रौनक



भिलाई। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व इस बार भिलाई में भव्य आयोजन के साथ मनाया जाएगा। युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल, भिलाई की ओर से सार्वजनिक दशहरा पर्व कमेटी के तत्वावधान में 20 अक्टूबर को सेक्टर-7 हाई स्कूल दशहरा मैदान में 31वें वर्ष का आयोजन होगा। शाम 6 बजे से शुरू होने वाले उत्सव में 65 फीट ऊंचे रावण तथा 50-50 फीट ऊंचे कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। रावण दहन रात 9.30 बजे होगा।

आयोजक चन्ना केशवलू और अध्यक्ष प्रेमचंद देवांगन ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस वर्ष संगीत और आतिशबाजी के विशेष आकर्षण दर्शकों को उत्सव का यादगार अनुभव देंगे। मार्स द बैंड की संगीतमय प्रस्तुति के साथ आंध्र प्रदेश के काकीनाडा की प्रसिद्ध आतिशबाजी और इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा।

दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा पर जोर

आयोजन स्थल पर करीब आठ हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। वाहनों के लिए तीन स्थानों पर निःशुल्क पार्किंग रहेगी। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी निगरानी, मेडिकल टीम और अग्निशामक यंत्रों की व्यवस्था की जाएगी। भीड़ प्रबंधन और दर्शकों की सहायता के लिए 60 से अधिक बाउंसर तथा 100 स्वयंसेवक तैनात रहेंगे। समिति ने नागरिकों से निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने, बच्चों का ध्यान रखने और आतिशबाजी के दौरान सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। आयोजक चन्ना केशवलू और अध्यक्ष प्रेमचंद देवांगन ने भिलाई-दुर्ग सहित आसपास के नागरिकों को सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य दशहरा परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ सामाजिक एकता और सदाचार का संदेश देना है। प्रेस वार्ता में कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह सहित जी. अमर, राजनारायण सिंह, रविन्द्र सिंह, प्रीतम साहू, डी. मरिया दास, उज्जवल तिवारी, बी. पदमनाभन, टी. शंकर, आर. प्रसंगी और शिवा कुमार उपस्थित थे।

9 वर्ष पहले किया था देहदान

मरणोपरांत चिकित्सा शिक्षा के लिए किया देहदान



भिलाई। स्मृति नगर निवासी नलिनी वैद्य के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया चिकित्सा शिक्षा के लिए एम्स रायपुर को समर्पित की गई। लगभग 9 वर्ष पूर्व 7 जुलाई 2017 को नलिनी वैद्य ने अपने पति अशोक वैद्य के साथ प्रबुद्ध नागरिक मंच प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की विधिवत वसीयत सौंपी थी। निधन के बाद परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए इसकी सूचना पवन केसवानी को दी। इसके पश्चात प्रनाम द्वारा वाहन की व्यवस्था कर पार्थिव काया को एम्स रायपुर भेजा गया। रवाना करने से पूर्व परिजनों और उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों ने मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी ने कहा कि देहदान मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा करने का श्रेष्ठ माध्यम है। दान की गई पार्थिव देह चिकित्सा विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना समझने तथा व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे भविष्य में बेहतर चिकित्सक तैयार करने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर पवन केसवानी, वार्ड पार्षद मुकेश अग्रवाल, संजय दुबे, पी गणेश राव, वाल्मीकि अंगारे सहित परिजनों में राजू मुधोलकर, भूषण मुधोलकर, मंजूषा मुधोलकर, रश्मि घाटे, रमेश घाटे, मैथिली गुप्ता, संजय गुप्ता, सीएस राव, उषा राव, श्रेया देशमुख, छाया घाटे, सुगंधा, संजय मुधोलकर, दिशा मुधोलकर, अंकित दास, देवेंद्र कुमार कोछड़ एवं पुनीत रावटे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

योग सखी ग्रुप ने योग के संग किया गरबा, सांस्कृतिक अभिरुचियों को किया प्रोत्साहित

धुनुची नृत्य की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, नारियल फेंक और शंखवादन में दिखा उत्साह

कार्नर न्यूज



भिलाई। दक्षिण वसुंधरा नगर स्थित श्री श्री नवदुर्गा उत्सव समिति में नवरात्र के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बंगाली और दक्षिण भारतीय शैली की दुर्गा पूजा परंपराओं से जुड़े धुनुची नृत्य और गरबा की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को रोमांचित किया। बच्चों और मोहल्लेवासियों की सांस्कृतिक अभिरुचियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

केदारेश्वरी प्रतिमा के नेतृत्व में प्रतीक्षा, कोमल, राजेश्वरी, एस. सुनीता, एस. उपासना, संगीता सोनवानी और प्रियंका टंडन ने धुनुची नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं किरण वर्मा, ज्योति दामले, किरण साहू, स्वाति चंद्राकर, प्रिया ठाकुर और मुक्ता भद्रा के संयोजन में गरबा नृत्य का आयोजन हुआ। इसमें प्रतीक्षा, कोमल, राजेश्वरी, एस. सुनीता, एस. उपासना, संगीता सोनवानी और प्रियंका टंडन ने धुनुची नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। मोहल्ले की महिलाओं और युवक-युवतियों ने देर रात तक गरबा कर मां दुर्गा की आराधना की। किरण वर्मा, ज्योति दामले, किरण साहू, स्वाति चंद्राकर, प्रिया ठाकुर और मुक्ता भद्रा के संयोजन में गरबा नृत्य का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नारियल फेंक और शंख वादन जैसी रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। बाल वर्ग की नारियल फेंक प्रतियोगिता में आस्था वर्मा ने प्रथम, दिशा वर्मा ने द्वितीय और समीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में साधना वर्मा प्रथम, मीना चंद्राकर द्वितीय और परमजीत कौर तृतीय रहीं। युवा महिला बहू-बेटी वर्ग में पूजा चंद्राकर ने प्रथम, किरण साहू ने द्वितीय और प्रतिमा बंछोर ने तृतीय स्थान हासिल किया। शंख वादन प्रतियोगिता में दीप्ति शर्मा प्रथम, नैतिक चंद्राकर द्वितीय और अर्चना तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सांस्कृतिक प्रभारी राम कुमार वर्मा और महेंद्र वर्मा ने किया। इस दौरान प्रेमलाल साहू, रवि नाहर, महेश सोना, वरिष्ठ समाजसेवी सुजीत बघेल तथा समिति के अध्यक्ष मनोज दामले, उपाध्यक्ष दुष्यंत वर्मा और टिकेंद्र वर्मा, सचिव अभिषेक वर्मा, उमेश निर्मलकर, सहसचिव हर्ष परमार और आयुष वर्मा, कोषाध्यक्ष अनिश चंद्राकर, चूड़ामणि, कुणाल कौशल, बलराम टंडन, ओम डोंगरे, किरण वर्मा, वीणा वर्मा, हेमीन वर्मा आदि मौजूद थे।



योग सखी ग्रुप ने पारंपरिक ड्रेस कोड में किया गरबा



भिलाई। शारदीय नवरात्र के अवसर पर योग सखी ग्रुप के तत्वावधान में सेक्टर-1 स्थित विवेकानंद गार्डन में नवरात्रि उत्सव एवं डांडिया समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक चला। इसमें सदस्याओं ने मां दुर्गा की आराधना के साथ गरबा और डांडिया की रंगीन प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया। आयोजन में पारंपरिक परिधान को विशेष महत्व दिया गया। इसके लिए सीधे पल्ले की साड़ी और लहंगा-चोली ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था। आयोजकों ने सभी सखियों को उत्सव में शामिल होकर रंग, उमंग और भक्ति के साथ इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सभी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन योग सखी ग्रुप की योग संचालक गीता दुबे ने किया।

सिटी स्पोर्ट्स

एशियाई कांस्य विजेता अनिमेष का सम्मान किया साय ने



रायपुर। जापान में आयोजित 20वें एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स्ड रिले इवेंट में देश के लिए कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और बस्तर-जशपुर का मान बढ़ाने वाले प्रतिभावान एथलीट अनिमेष कुजूर के अपने गृह राज्य छत्तीसगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु देव साय ने उन्हें ससम्मान मुख्यमंत्री निवास आमंत्रित किया, जहाँ उन्होंने अनिमेष कुजूर तथा उनके परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया और उन्हें इस ऐतिहासिक सफलता की आत्मीय बधाइयाँ दीं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो, उप संचालक रश्मि ठाकुर, संयुक्त संचालक प्रभाकर पांडे, जी.एस. बामरा, परविंदर सिंह ग्रेवाल, आदित्य सिंह ठाकुर, ऋतिका सिंह, अनिमेष के परिवार से अमृत कुजूर, रीना कुजूर, अनिमा कुजूर, अनिकेत और समीर कुजूर उपस्थित रहे। इसके अलावा खेल जगत से जुड़े प्रवेश जोशी, निंग राज रेड्डी, रवि धनगर, विनोद नायर, सुनील नायर, सुदर्शन सिंह, दिनेश तांडी, आशीष जायसवाल, अनिरुद्ध सुना, गौतम मिरी, दीपक पटेल, रवि राजा, तुलसी साहू सहित एथलेटिक्स खेल से जुड़े तमाम वरिष्ठ प्रशिक्षकों, खेल संघों के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

यूथ कप क्रिकेट में शशांक बने 'मैन ऑफ द मैच'



भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा ने इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर को 2 विकेट से शिकस्त देकर जीत हासिल की। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले शशांक तिवारी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्हें विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया।

मंच पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर की पूरी टीम 111 रनों पर ढेर हो गई। टीम की ओर से दर्श ने सर्वाधिक 39 रन बनाए, जबकि धनंजय बैरागी ने 29 और कप्तान अर्श ने 16 रनों का योगदान दिया। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए के. वर्मा ने 4 विकेट और शशांक तिवारी ने 3 विकेट झटके।

112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी की टीम ने 8 विकेट खोकर 114 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। बल्लेबाजी में पी. रावत ने 20 रन, शशांक तिवारी ने 18 रन और देवांश साहू ने नाबाद 16 रन बनाए। इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर की ओर से धनंजय बैरागी ने 4 विकेट और खुश साहू ने 2 विकेट लिए। मैच में अंपायरिंग की भूमिका हिमाचल साहू और एस. बाल राजू ने निभाई।

अंडर-19 में दंतेवाड़ा और कवर्धा ने दर्ज की जीत



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत धमतरी में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दंतेवाड़ा बनाम जांजगीर-चांपा के बीच धमतरी में खेले गए मुकाबले में दंतेवाड़ा की टीम ने जांजगीर-चांपा को 1 विकेट से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए जांजगीर-चांपा की पूरी टीम 147 रनों पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दंतेवाड़ा की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद 9 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। कवर्धा बनाम दंतेवाड़ा मुकाबले में कवर्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दंतेवाड़ा को 27 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कवर्धा ने निर्धारित ओवरों में 208 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी दंतेवाड़ा की टीम 181 रनों पर ही ऑल आउट हो गई।

कुलदीप जुनेजा ने बांटी टी-शर्ट, मुकाबले के लिए तैयार हो रहे खिलाड़ी

छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता 22 से, रायपुर जिला टीम का हुआ ऐलान

रायपुर। 24वीं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से 22 से 25 अक्टूबर 2026 तक 'यूटीटी 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026' का आयोजन रायपुर के सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, बूढ़ापारा में किया जा रहा है।

चार दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन 22 अक्टूबर को सीनियर पुरुष व महिला, अंडर-19 यूथ, अंडर-17 जूनियर, अंडर-15 सब-जूनियर, अंडर-13 कैडेट और अंडर-11 होप्स बालक व बालिका वर्गों की टीम स्पर्धाएं होंगी। इसके बाद 23 अक्टूबर को अंडर-19 यूथ और अंडर-15 सब-जूनियर बालक व बालिका एकल वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। 24 अक्टूबर को सीनियर पुरुष व महिला तथा अंडर-11 होप्स बालक व बालिका एकल वर्ग की प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 25 अक्टूबर को अंडर-17 जूनियर एवं अंडर-13 कैडेट बालक-बालिका एकल वर्ग तथा सीनियर पुरुष एकल वर्ग के मैच आयोजित किए जाएंगे।



राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष और रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर जिला टेबल टेनिस टीम (बालक व बालिका वर्ग) की आधिकारिक घोषणा की और चयनित खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, राजधानी टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे तथा पी. एन. मजुमदार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के लिए घोषित रायपुर जिला टीम में सीनियर पुरुष वर्ग के लिए सागर घाटगे, विशाल डेकाटे, अरिंदम देबनाथ, एम. रविराज और रामजी कुमार का चयन किया गया है, जबकि सीनियर महिला वर्ग में समाया पांडे, प्रज्ञा पाठक, आरना खोटेले, वेदी कच्छवाहा और लावण्या पांडे रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। अंडर-19 यूथ बालक वर्ग में आर्यन सिंह, यशवंत डेकाटे, कवीश काला और श्रेष्ठ मिश्रा शामिल हैं, तो वहीं अंडर-19 यूथ बालिका वर्ग की कमान समाया पांडे, आरना खोटेले, वेदी कच्छवाहा और लावण्या पांडे के हाथों में होगी।

अंडर-17 जूनियर बालक वर्ग में आर्यन सिंह, श्रेष्ठ मिश्रा, कवीश काला और तेजस जादवानी को स्थान मिला है, जबकि अंडर-17 जूनियर बालिका वर्ग में समाया पांडे, वेदी कच्छवाहा, लावण्या पांडे और महवीन अंसारी शामिल हैं। अंडर-15 सब-जूनियर बालक वर्ग के लिए कवीश काला, आरुष नथानी, रोहित सचदेव और अभिनव पीटर तथा बालिका वर्ग के लिए समाया पांडे, लावण्या पांडे, वेदी कच्छवाहा और महवीन अंसारी का चयन हुआ है।

भिलाई के स्कैटर्स ने जीते 50 से अधिक मेडल



भिलाई। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हुई 'स्टेट इंडोरेंस स्केटिंग चैंपियनशिप' में भिलाई के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ में परचम लहराया है। रायपुर में संपन्न इस भव्य प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 500 से अधिक स्केटर्स ने हिस्सा लिया, जिसमें बिगिनर से लेकर एडवांस लेवल तक की विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। इस कड़ी स्पर्धा में भिलाई के 'इंफिनिटी स्केटिंग क्लब' के 40 से अधिक खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 50 से ज्यादा मेडल अपने नाम किए। छत्तीसगढ़ रोलर स्केट एसोसिएशन के सचिव दलजीत सिंह और कोच अजीत सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी जनवरी माह में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया है। अपनी इस बड़ी सफलता से उत्साहित बच्चों ने बताया कि उन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की थी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें इंडोरेंस चैंपियनशिप में मेडल जीतने का गौरव प्राप्त हुआ है। अब वे आगामी नेशनल चैंपियनशिप के लिए और भी अधिक कड़ा अभ्यास करेंगे।

अहमदाबाद में छत्तीसगढ़ की बेटी दीपांशी को फेंसिंग में स्वर्ण पदक



रायपुर। गुजरात के अहमदाबाद शहर में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित प्रथम सीनियर राष्ट्रीय रैंकिंग फेंसिंग (तलवारबाजी) प्रतियोगिता 2026-27 में छत्तीसगढ़ की प्रतिभाशाली और होनहार खिलाड़ी दीपांशी नेताम ने महिला फॉयल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की महिला फॉयल स्पर्धा में देश भर से लगभग 100 शीर्ष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। दीपांशी नेताम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, तकनीकी महारत, मानसिक दृढ़ता और अटूट आत्मविश्वास का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर अपना अधिकार जमाया।

दीपांशी ने प्रारंभिक पूल मुकाबलों में कुल 7 मुकाबले खेले, जिनमें से 5 में शानदार जीत दर्ज की और केवल 1 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती लीग मुकाबलों के बाद उन्हें ओवरऑल 10वीं रैंकिंग प्राप्त हुई, जिसके बाद उन्होंने नॉकआउट चरण के सभी मुकाबलों में लगातार धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। दीपांशी के मुकाबलों का सफर बेहद प्रेरणादायक रहा, जिसमें उन्होंने टेबल ऑफ 128 में 'बाय' प्राप्त किया, टेबल ऑफ 64 में गुजरात की जागृति को 15-5 से हराया, टेबल ऑफ 32 में तमिलनाडु की दिव्या धारसिनी को 15-4 से पराजित किया, टेबल ऑफ 16 में महाराष्ट्र की गोटे गायत्री को 15-2 से करारी शिकस्त दी, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मणिपुर की सोनिया देवी को 15-11 से मात दी, और सेमीफाइनल जैसे कड़े मुकाबले में हरियाणा की चावला कनुप्रिया को 15-13 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके पश्चात फाइनल मुकाबले में उन्होंने पंजाब की मजबूत खिलाड़ी जैस्मिन कौर को अत्यंत रोमांचक संघर्ष के बाद 15-13 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। लगातार ऐसी कठिन जीत दर्ज कर दीपांशी ने यह साबित कर दिखाया कि यदि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास हो, तो किसी भी राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दीपांशी नेताम की इस शानदार राष्ट्रीय उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। एसोसिएशन के एनआईएस प्रशिक्षक वी. जॉनसन सोलोमन ने भी दीपांशी को बधाई दी है।

राज्य स्तरीय शालेय खेल के लिए चुने गए जया



पाटन। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पाटन के विद्यार्थियों ने खेलकूद के क्षेत्र में एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। राजनांदगांव में आयोजित संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कक्षा 10वीं की छात्रा जयालक्ष्मी मस्तावर और कक्षा 11वीं की छात्रा फिजा का चयन सरगुजा में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-19 शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

इसके अलावा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई में आयोजित जिला व संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के चलते छात्र चैतन्य साहू का चयन राज्य स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिन्होंने रायगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल दिखाया। इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष मिलन कुमार देवांगन, प्राचार्य स्टेनसी जानसन, व्यायाम शिक्षक हेमंत बघेल सहित समस्त शिक्षकों और पालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



रोलर स्केटिंग में रायपुर और बिलासपुर के खिलाड़ियों का दबदबा

रायपुर। चार दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद 26वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का शनिवार 17 अक्टूबर को भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय वृहद खेल स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 750 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और 200 तकनीकी स्टॉफ व अधिकारियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई थी। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रायपुर के जे.एन. पांडेय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्रातः 11 बजे संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण के लोकप्रिय विधायक सुनील सोनी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एम.जी. सतीश कुमार ने की। समारोह के दौरान विभिन्न आयु वर्ग और स्पर्धाओं में विजयी रहे उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अतिथियों के कर-कमलों द्वारा आकर्षक ट्रॉफी और पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी दीर्घकालिक एवं निष्ठावान सेवाएं देकर हाल ही में सेवानिवृत्त हुए पूर्व व्यायाम शिक्षकों का विशेष सम्मान समारोह भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक बी.आर. साहू, गौतम राहा, रामलाल पटेल, गोवर्धन ध्रुव, शिव देवांगन और श्रीमती ज्योति बजाज को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में संपन्न हुई रोलर स्केटिंग स्पर्धा के परिणाम अत्यंत रोमांचक रहे। 11 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में रायपुर के कुशल गनोड़कर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में बिलासपुर की निखार श्रीवास प्रथम रहीं। इसके अलावा 11 वर्ष की क्वाड स्पर्धा में बिलासपुर की श्रीजी टांडिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। चौदह वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में बिलासपुर के सुधांशु ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में बिलासपुर की ही तृषा पाल प्रथम रहीं। चौदह वर्ष की क्वाड स्पर्धा के बालक वर्ग में बिलासपुर के प्रणव गंधर्व ने प्रथम स्थान हासिल किया, और बालिका वर्ग में बस्तर की काहिरा प्रथम स्थान पर रहीं। सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में रायपुर के कमल सेन ने पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में रायपुर की ही हरप्रीत प्रथम रहीं। सत्रह वर्ष की क्वाड स्पर्धा के बालक वर्ग में बिलासपुर के विराज प्रथम रहे, जबकि बालिका वर्ग में बिलासपुर की प्रज्ञा बर्मन ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसके साथ ही 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में रायपुर के गगन देवांगन प्रथम स्थान पर रहे, और बालिका वर्ग में रायपुर की सिद्धि ने प्रथम स्थान हासिल किया। उन्नीस वर्ष की क्वाड स्पर्धा के बालक वर्ग में सरगुजा के सुरजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा बालिका वर्ग में रायपुर की शुभांगी पटेल ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाकर प्रतियोगिता का शानदार समापन किया।

राज्य स्तरीय हैंडबॉल में रायपुर सेक्टर विजेता



रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में नेताजी सुभाष महाविद्यालय, बेलभाटा, अभनपुर के प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का शनिवार 17 अक्टूबर को समापन हो गया। मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व संचालक डॉ. प्रकाश ठाकुर, अति विशिष्ट अतिथि पं.र.वि.वि. के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. सी.डी. आगाशे और शासकीय महाविद्यालय रतनपुर के वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी व पर्यवेक्षक डॉ. जितेंद्र मिश्रा थे। अध्यक्षता नेताजी सुभाष महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. ललित मिश्रा ने की। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी.के. मिश्रा, अभनपुर थाने के उपनिरीक्षक रामकुमार साहू, अमन बघेल, प्रतिमा वर्मा, जनपद सदस्य प्रकाश साहू, डॉ. वीरेंद्र जांगड़े, डॉ. विनय यादव और डॉ. आशीष दीवान की विशेष उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए मैचों में खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन फुर्ती और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच रायपुर सेक्टर और राजनांदगांव सेक्टर के बीच खेला गया, जिसमें रायपुर सेक्टर की टीम ने 29-21 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। इसके पश्चात दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला दुर्ग सेक्टर और रायगढ़ सेक्टर के बीच हुआ, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद दुर्ग सेक्टर ने 20-19 से रोमांचक जीत हासिल की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रायपुर सेक्टर और दुर्ग सेक्टर के बीच खेला गया, जिसमें रायपुर सेक्टर ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 19-12 के अंतर से मैच जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि दुर्ग सेक्टर की टीम उपविजेता रही।

दुर्ग सेक्टर के एम. रविराव बनें बेस्ट गोलकीपर

समापन समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को कप, ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर दुर्ग सेक्टर के एम. रविराव को बेस्ट गोलकीपर, रायपुर सेक्टर के मिथिलेश को बेस्ट अटैकर और रायपुर सेक्टर के ही अमरपाल को सर्वश्रेठ खिलाड़ी (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट) का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी.के. मिश्रा द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों को भी प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। प्रतियोगिता के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाने वाले रेफरी प्रिंस मिश्रा, अंकित मिश्रा, धनंजय चेलक, अनिश, अस्मिता, डॉ. नरेश साहू और लखेश्वर साहू को भी अतिथियों द्वारा उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन ऋचा शर्मा ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने किया। यह संपूर्ण जानकारी महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी प्रो. आशीष दीवान ने दी।

कार्नर न्यूज

26वीं राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता संपन्न

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीर लगे निशाने पर, शिलांग के राष्ट्रीय मंच के लिए चुने गए खिलाड़ी

रायपुर। बिलासपुर के कोटा स्थित डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के न्यायधानी खेल मैदान में शनिवार 17 अक्टूबर को 26वीं राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 20 विभिन्न जिलों से आए लगभग 300 प्रतिभाशाली तीरंदाजों, कोचों, मैनेजर्स और तकनीकी अधिकारियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुके अनुभवी तीरंदाजों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पैरा तीरंदाजों ने भी सामान्य वर्ग की स्पर्धाओं में हिस्सा लेकर अपनी असाधारण खेल प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन किया। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में उत्कृष्ट और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजयी तीरंदाज आगामी 11 से 18 नवंबर तक शिलांग (मेघालय) में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।



प्राचीन काल से चली आ रही कला है तीरंदाजी

प्रतियोगिता के भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि तीरंदाजी भारत की प्राचीन काल से चली आ रही एक अत्यंत गौरवशाली और महान परंपरा का हिस्सा रही है। हमारे पौराणिक इतिहास में भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन, भगवान परशुराम और आचार्य द्रोणाचार्य जैसे महान और श्रेष्ठ धनुर्धर हुए हैं जिन्होंने इस कला को सर्वोच्च सम्मान दिलाया है। उन्होंने आगे कहा कि आज के आधुनिक दौर में तीरंदाजी केवल एक पारंपरिक खेल तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह विज्ञान, उन्नत तकनीक, शारीरिक क्षमता और पैनी एकाग्रता पर आधारित एक आधुनिक खेल का रूप ले चुकी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के महासचिव आयुष मुरारका ने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ में तीरंदाजी की असीम संभावनाओं को तराशने, उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं मुहैया कराने और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय ऊँचाइयाँ छूने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

वैश्विक पहचान बनाएंगे

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने अपने उद्बोधन में आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन राज्य में तीरंदाजी खेल के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा हरसंभव शैक्षणिक और खेल सहयोग प्रदान करेगा, ताकि यहाँ के खिलाड़ी वैश्विक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना सकें। एडवोकेट ईशा अग्रवाल ने सभी गणमान्य अतिथियों, खेल अधिकारियों और खिलाड़ियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। छत्तीसगढ़ आर्चरी एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी कैलाश मुरारका ने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने की अपार क्षमता है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

पहली एआई अभिनेत्री 'टिली' के आने से सिनेमा के भविष्य पर उठे सवाल



दुनिया की पहली एआई अभिनेत्री 'टिली नॉरूड' और हॉलीवुड में तकनीक के भविष्य को लेकर छिड़ी बहस वर्तमान मनोरंजन जगत का एक बेहद चर्चित और विवादास्पद विषय बन गई है। हाल ही में एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में टिली नॉरूड और उनकी निर्माता एलाइन वान डेर वेल्डेन की मौजूदगी ने इस चर्चा को वैश्विक स्तर पर और अधिक हवा दे दी है, जिससे यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि आने वाले समय में सिनेमा और अभिनय का स्वरूप क्या होगा। टिली नॉरूड कोई वास्तविक इंसान नहीं, बल्कि एक पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा जनरेटेड आभासी अभिनेत्री हैं। इन्हें ब्रिटिश अभिनेत्री, कॉमेडियन और तकनीकी नवोन्मेषक एलाइन वान डेर वेल्डेन ने अपने डिजिटल एआई टैलेंट स्टूडियो 'जिकोइया' के माध्यम से तैयार किया है। निर्माताओं के अनुसार, टिली को मुख्य रूप से एक जागरूकता प्रोजेक्ट के रूप में बनाया गया था, जिसका उद्देश्य यह दिखाना था कि तकनीक और वीएफएक्स कितनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मनोरंजन उद्योग के सामने अब किस तरह की नई चुनौतियां और अवसर खड़े हो रहे हैं।

हालांकि, इस तकनीक के प्रदर्शन और टैलेंट एजेंसियों द्वारा इसमें रुचि दिखाए जाने के बाद हॉलीवुड और वैश्विक फिल्म इंडस्ट्री में भारी विरोध देखने को मिला है। हॉलीवुड के कलाकारों के सबसे बड़े संगठन और ब्रिटिश यूनियन ने एआई अभिनेताओं के इस कॉन्सेप्ट की कड़ी आलोचना की है। उनका तर्क है कि कला और रचनात्मकता हमेशा मानव-केंद्रित होनी चाहिए। एमिली ब्लंट और व्हूपी गोल्डबर्ग जैसे कई बड़े हॉलीवुड कलाकारों ने इसे डरावना और कलाकारों की आजीविका पर सीधा खतरा बताया है, क्योंकि एआई के पास न तो कोई असली जीवन का अनुभव होता है और न ही वास्तविक मानवीय भावनाएं, जो अभिनय की मूल आत्मा हैं।

टॉलीवुड

'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' की सफलता, दुनियाभर में कमाए 333 करोड़ से अधिक



मलयालम सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता निविन पॉली और अभिनेत्री ममिता बैजू की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अपने सफल सिनेमाघर प्रदर्शन के दौरान इस फिल्म ने दुनियाभर में 333 करोड़ रुपये से अधिक की शानदार कमाई की है, जिसके साथ ही यह मलयालम सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है।

गिरिश ए.डी. के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी बेहतरीन और सहज हास्य-रोमांस शैली के लिए काफी सराही जा रही है। फिल्म की कहानी जस्टिन और एशले के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें उनके बीच के उम्र के अंतर और रिश्तों की खूबसूरती को बेहद परिपक्वता और हल्के-फुल्के अंदाज में पर्दे पर उतारा गया है।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इस फिल्म का निर्माण महज 25 से 30 करोड़ रुपये के सीमित बजट में हुआ था, लेकिन अपनी लागत से 13 गुना से भी अधिक कमाई करके इसने निर्माताओं को लगभग 450 प्रतिशत का जबरदस्त मुनाफा दिया है। सिनेमाघरों में दर्शकों का अपार प्यार और भारी भीड़ बटोरने के बाद, अब यह ब्लॉकबस्टर फिल्म डिजिटल यानी इंटरनेट स्ट्रीमिंग मंचों पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसका दर्शक उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

भोजपुरी

'द वन' मूवी में छठ संस्कृति का प्रभाव देखकर फैंस गदगद



फिल्म 'द वन' में फिल्माए गए छठ पूजा के दृश्यों को लेकर भोजपुरी सिनेमा में सकारात्मक चर्चा हो रही है। जाने-माने सिंगर और अभिनेता रितेश पांडे ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फिल्मों में भोजपुरी संस्कृति और परंपराओं का यह विस्तार एक बेहतरीन बदलाव है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म 'द वन' में लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा के दृश्यों को जिस भव्यता और भक्तिभाव के साथ दर्शाया गया है, उसकी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में जमकर सराहना हो रही है। मुख्यधारा के हिंदी सिनेमा में छठ पूजा की परंपराओं, गीतों और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को प्रमुखता से शामिल किए जाने को भोजपुरी सिनेमा के विकास और इसकी बढ़ती स्वीकार्यता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

जाने-माने भोजपुरी गायक और अभिनेता रितेश पांडे ने कहा कि बॉलीवुड फिल्मों में भोजपुरी संस्कृति और लोक-परंपराओं का यह समावेश कोई साधारण बदलाव नहीं, बल्कि हिंदी सिनेमा की एक बड़ी व्यावसायिक और सांस्कृतिक जरूरत बन गया है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि पूर्वांचल और बिहार के दर्शकों की बड़ी संख्या तथा भोजपुरी विषय-सामग्री की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बॉलीवुड अब क्षेत्रीय कलाकारों, भाषा और त्योहारों को अपनी कहानियों में शामिल कर रहा है। रितेश पांडे के अनुसार, छठी मैया की महिमा और हमारी समृद्ध परंपराओं को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पर्दे के माध्यम से पहुंचाया जाना भोजपुरी इंडस्ट्री और क्षेत्रीय समाज के लिए एक गर्व का विषय है।

हुस्न की चमक



मशहूर डिजाइनर फराह खान अली के एक भव्य फैशन शो के दौरान, मंच पर ग्लैमरस अंदाज में मॉडल ने रैंप वॉक किया। मुख्य मॉडल सेंटोलिना ने शिमरी और फ्रिंज वाली आकर्षक शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसके साथ फेदर हेडबैंड, हील्स और हाथ में वाइन ग्लास उनके रेट्रो लुक को और निखार रहा है। पृष्ठभूमि में अन्य मॉडल भी इसी थीम पर आधारित सुंदर परिधानों में नजर आ रही हैं। मंच की रंगीन रोशनी और मॉडल्स का यह अंदाज इस शानदार फैशन इवेंट की खूबसूरती को बखूबी दर्शा रहा है।

साड़ी की प्लीट्स को सेट करने के आसान हैक्स आपके लुक में डालेंगे जान

साड़ा का ड्र्प करन क कइ तराक हात ह। ठाक उसा तरह स साड़ा का प्लीट्स बनाने के लिए भी कई तरीके होते हैं, जिन्हें डॉली जैन काफी विस्तार से बता रही हैं। साड़ी के डिजाइन से लेकर ड्रेपिंग स्टाइल तक आपको काफी चीजें सोशल मीडिया पर आसानी से मिल जाएंगी। साड़ी को बांधने के लिए सही तरीके से उसकी प्लीट्स बनाने का बेहद जरूरी होती है। वहीं साड़ी पहनना कई लोगों के लिए बेहद आसान होता है, तो कई लोगों के लिए ये काफी मुश्किल टास्क भी कहलाता है। इसी बीच फैशन एक्सपर्ट डॉली जैन ने अपने सोशल मीडिया पर साड़ी की प्लीट्स बनाने के आसान तरीके अपने सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिनकी मदद लेकर आप आसानी से साड़ी बांध सकती हैं और साड़ी लुक को आकर्षक बना सकती हैं।



साड़ी की प्लीट्स बनाने का पहला आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अपने अंगूठे, इंडेक्स और बीच की उंगली की सहायता लेनी चाहिए। इसके बाद अंगूठे की मदद से एक-एक प्लीट्स बना लें। प्लीट्स बनाने के लिए आप जल्दबाजी बिल्कुल भी न करें अन्यथा ये खुल जाएंगी। बता दें कि इस तरह से प्लीट्स बनाने पर आपको इसे ज्यादा सेट करने की आवश्कता नहीं होगी। इन्हें सेट करने के लिए आप सेफ्टी पिंस की सहायता ले सकती हैं।

साड़ी की प्लीट्स बनाने का दूसरा आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अंगूठे और हाथों की सबसे छोटी उंगली का सहारा लेना होगा। इसके लिए आप इन दोनों उंगलियों की सहायता लेकर प्लीट्स बनानी चाहिए। बता दें कि आराम से ही आप अपनी कलाई को घुमाये ताकि एक-एक प्लीट्स सही तरीके से साफ नजर आए। प्लीट्स बनाने के बाद आप अच्छी तरह से प्लीट्स को एक-एक करके सेट कर लें।


साड़ी की प्लीट्स बनाने का तीसरा आसान तरीका

इसके लिए आपको अपने हाथों की उंगलियों के साथ-साथ अपने पेट की भी सहायता लेनी होगी। बता दें कि आपका पेट एक बेस की तरह काम करेगा और फिर आप अपनी उंगलियों की सहायता लेकर प्लीट्स बना सकती हैं। इसके बाद साड़ी प्लीट्स को एक साथ सेट करके आप साड़ी के अंदर बांध लें। आखिर में आप फाइनल टच अप के लिए सेफ्टी पिंस की मदद ले सकती हैं।

कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने इन टिप्स को कीजिए फॉलो



कपड़े ऐसी जरूरत हैं, जिन्हें हमें समय-समय पर खरीदना होता है। कभी कपड़े हमें टाइट व छोटे हो जाते हैं तो कभी वे पुराने व बेकार हो जाते हैं। ऐसे में हम उन्हें रिटायर कर देते हैं और अपने लिए नए कपड़े खरीदते हैं।



इतना ही नहीं, कभी-कभी हम लेटेस्ट ट्रेंड व फैशन को देखते हुए भी कपड़े खरीदते हैं। सीजन बदलने पर भी कपड़े खरीदना बेहद आम बात है। हम सालभर में कई बार कपड़े खरीदते हैं। लेकिन क्या आपने कभी गौर किया है कि इन कपड़ों को खरीदने के लिए आप कितना पैसा खर्च कर रहे हैं।

अक्सर इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है, लेकिन कपड़े खरीदने के चक्कर में हम काफी सारे पैसे यूं ही वेस्ट कर देते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग नहीं करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जो कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने में आपकी मदद करेंगे-



बेसिक्स में करें इनवेस्ट

अगर आप सच में कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग (स्मार्ट शॉपिंग) करना चाहती हैं तो आपको बेसिक्स में इनवेस्ट करना चाहिए। मसलन, आप एक व्हाइट शर्ट खरीद सकती हैं। जिसे आप जींस के साथ पेयर करके केजुअल लुक क्रिएट कर सकती हैं। वहीं, ब्लैक पैंट या स्कर्ट के साथ पहनकर ऑफिस जा सकती हैं। इसी तरह, पार्टी में भी इंडो-वेस्टर्न लुक में व्हाइट शर्ट को पहना जा सकता है। इस तरह एक ही पीस कई तरह से स्टाइल हो जाएगा और आपको हर ओकेजन के लिए अलग से शॉपिंग करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ऑफ सीजन सेल में करें शॉपिंग

कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप ऑफ सीजन सेल में शॉपिंग करें। इन सेल में आपको ब्रांडेड कपड़े लोकल कपड़ों के दाम में मिल जाते हैं।

कोरियन ब्यूटी हैक्स से गायब हो सकते हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे

त्वचा की देखभाल करने के लिए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स को खरीदते हैं। वहीं आंखों के नीचे की त्वचा चेहरे की त्वचा से कई ज्यादा नाजुक होती है और इसका ख्याल रखा जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते लाइफस्टाइल के कारण हम देर रात जागते हैं तथा कई चीजों का स्ट्रेस भी लेते हैं, जिनके कारण डार्क सर्कल्स बढ़ जाते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स में कोरियन ब्यूटी को काफी चलन में है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए कोरियन ब्यूटी हैक और बताएंगे इनसे त्वचा को मिलने वाले फायदे क्या हैं- एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि स्किन को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो त्वचा को सभी तरह के स्किन इन्फेक्शन से बचाते हैं।



खीरे को आंखों के नीचे लगाने के क्या फायदे हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करते हैं। खीरे में मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं। सबसे पहले एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर एक बाउल में डालें। इसके बाद इसमें एक खीरे को पीसकर डालें। इन दोनों को मिक्स करके उंगलियों की मदद से आंखों के नीचे लगा लें। लगभग 30 मिनट तक इसे आंखों के नीचे लगा रहने दें। इसके बाद कॉटन की मदद से इसे साफ कर लें।

ब्लाउज की स्लीव्स के डिजाइंस आजमाएं, नहीं दिखेगा आर्म फैट

अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए स्टाइलिंग को अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से चीजों को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक से इंस्पायर हो सकती हैं।किसी भी लुक में चार चांद लगाने के लिए उसकी स्टाइलिंग सही तरीके से करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ आपको अपनी बॉडी के आकार का भी खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए। अक्सर ब्लाउज खरीदते समय हम अपनी बाजू के फैट को छुपाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए परफेक्ट डिजाइन का ब्लाउज नहीं खरीद पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज की स्लीव्स के कुछ खास डिजाइंस जिनकी मदद से आप आसानी से आर्म फैट को छुपा पाएंगी और अपने लुक को आकर्षक बना पाएंगी।

ऑफ शोल्डर स्लीव्स

वैसे तो ऑफ शोल्डर में कई डिजाइन आपको आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो व्रैप स्टाइल वाले ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं।



लुक को कम्प्लीट करने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज आप स्कर्ट से लेकर साड़ी तक के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

पर्ल चैन स्टाइल ब्लाउज

अगर आप स्लीवलेस डिजाइन के ब्लाउज को पहनना चाहती हैं तो इस तरह से पर्ल डिजाइन की चैन लगा सकती हैं। इसके लिए आप मल्टी-लेयर में चैन लगवाएं। वहीं पर्ल के लिए आप कलरफुल मोती भी चुन सकती हैं। साथ ही इसके लिए आप मीडियम साइज के पर्ल्स वाली चैन को चुनें।

कार्नर न्यूज जानिए 2026 के सबसे लोकप्रिय मेंस मेकअप ट्रेंड्स और प्रोडक्ट्स, जो आपके लुक में लगा देंगे चार चांद

जेंटलमैन ग्रूमिंग का नया दौर छा गया, अब सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार नहीं रह गया मेकअप

अब वह जमाना चला गया जब मेकअप और स्किनकेयर को सिर्फ महिलाओं तक सीमित माना जाता था। आज के आधुनिक दौर में पुरुषों की लाइफस्टाइल और ग्रूमिंग रूटीन में मेकअप एक अहम हिस्सा बन चुका है। मेट्रो शहरों से शुरू हुआ यह ट्रेंड अब हर जगह पुरुषों की पर्सनालिटी को निखारने का जरिया बन रहा है।

वर्ष 2026 में 'नो-मेकअप' मेकअप लुक से लेकर बोल्ड एक्सपेरिमेंटल स्टाइल तक, पुरुषों के मेकअप प्रोडक्ट्स और तकनीकों में काफी नयापन देखने को मिल रहा है। अगर आप भी खुद को परफेक्ट और प्रेजेंटेबल लुक देना चाहते हैं, तो 2026 के इन टॉप मेंस मेकअप ट्रेंड्स और जरूरी प्रोडक्ट्स के बारे में विस्तार से जानें:



बीबी क्रीम और सीसी क्रीम

भारी और थिक फाउंडेशन की जगह अब पुरुष बीबी (ब्लेमिश बाम) और सीसी (कलर करेक्टिंग) क्रीम को तरजीह दे रहे हैं।

उपयोग और फायदा: यह लाइटवेट होती है और स्किन टोन को एकसमान बनाती है। 2026 में एसपीएफ युक्त हाइड्रेटिंग बीबी क्रीम्स काफी ट्रेंड में हैं, जो चेहरे के दाग-धब्बों को छुपाने के साथ-साथ प्राकृतिक निखार भी देती हैं। इसे लगाने के बाद चेहरा बिल्कुल भी ओवर-डन नहीं लगता।

स्पॉट कंसीलर

अक्सर देर रात तक काम करने या व्यस्त दिनचर्या के कारण डार्क सर्कल्स और मुंहासे/दाग-धब्बे चेहरे पर दिखने लगते हैं। 2026 में पुरुषों के लिए विशेष मैट-फिनिश कंसीलर स्टिक्स बाजार में उपलब्ध हैं। अपनी स्किन टोन से मेल खाता कंसीलर उंगलियों या स्पंज की मदद से डार्क सर्कल्स और निशानों पर डैब करें, जिससे मिनटों में फ्रेश और फ्लॉलेस लुक मिलता है।

आइब्रो ग्रूमिंग और ब्रो जेल


चेहरे की सही फ्रेमिंग के लिए आइब्रो का सेट होना बहुत जरूरी है। मेकअप करते समय अब केवल दाढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आइब्रो पर भी ध्यान दिया जा रहा है। क्लियर ब्रो जेल और ब्रो पेंसिल की मदद से आइब्रो के खाली स्थानों को भरकर उन्हें सही शेप दिया जा सकता है। यह आँखों और माथे के लुक को तुरंत शार्प बना देता है।

टिंटेड लिप बाम

फटे और बेजान होंठ पूरे लुक पर पानी फेर सकते हैं। इन दिनों पुरुषों के बीच न्यूट्रल और बेरी-टोन शेड्स वाले टिंटेड लिप बाम्स काफी लोकप्रिय हैं। ये होंठों को नमी (Hydration) देने के साथ-साथ हल्का नेचुरल कलर देते हैं, जिससे होंठ स्वस्थ और आकर्षक दिखते हैं।

ट्रांसलूसेंट पाउडर और मैटिफाइंग स्प्रे

पुरुषों की त्वचा अक्सर महिलाओं की तुलना में अधिक ऑयली होती है। दिनभर चेहरे के अत्यधिक तेल और पसीने को नियंत्रित करने के लिए मैटिफाइंग सेटिंग स्प्रे और ऑयल-कंट्रोल ट्रांसलूसेंट पाउडर का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। यह मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है और चेहरे को फ्रेश लुक देता है।



क्लियर और मस्कारा

आँखों को बड़ा और अट्रैक्टिव दिखाने के लिए मस्कारा पुरुषों के किट का हिस्सा बन चुका है। 2026 में पुरुषों के बीच क्लियर/ट्रैंसपेरेंट मस्कारा और नेचुरल ब्राउन मस्कारा काफी डिमांड में हैं। यह पलकों को बिना हैवी दिखाए घना और सुडौल बनाता है।